


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 207 | ग्वालियर गुरुवार, 18 मई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### हवा में विमान ने खाए जबरदस्त झटके, कई यात्री घायल



**नई दिल्ली।** हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है. दरअसल एयर इंडिया के एक विमान ने हवा में इतने हिचकोले खाए कि कई यात्री ही जख्मी हो गए हैं. ये मामला दिल्ली-सिडनी फ्लाइट को लेकर बताया जा रहा है. उड़ान के दौरान आकाश में ही विमान में टर्ब्यूलेंस होने लगा. ये टर्ब्यूलेंस इतना ज्यादा था कि विमान में बैठे यात्रियों के लिए मुश्किल बन गया. इसमें कई यात्रियों को चोट लगने की खबर से हड़कंप मच गया है. मिली जानकारी के मुताबिक, एयर इंडिया की फ्लाइट बुधवार को दिल्ली से सिडनी जा रही थी. अचानक हवा में ही विमान झटके लेने लगा. ये झटके काफी जोरदार बताए जा रहे हैं. फिलहाल झटकों का कारण सामने नहीं आया है लेकिन इसे मौसम से जोड़कर देखा जा रहा है. विमान को सिडनी एयरपोर्ट पर लैंड करने बाद जो यात्री इस टर्ब्यूलेंस में जख्मी हुए हैं उनका उपचार किया जा रहा है. हालांकि किसी भी पैसेंजर को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी है. वहीं इस मामले में अब तक ऑफिशली कोई बयान सामने नहीं आया है. एयर इंडिया की ओर से इसको लेकर अब तक कोई सफाई नहीं दी गई है. वहीं एक दूसरी घटना में अलास्का एयर फ्लाइट में एक यात्री को विमान के शौचालय में स्मोकिंग करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है. ये फ्लाइट अहमदाबाद से बेंगलूरु जा रही थी. इस दौरान हवा में ही यात्री टॉयलेट में जाकर धूम्रपान करने लगा. इसके बाद क्रू मेंबर्स ने यात्री को इससे रोका जिस पर वो भड़क गया और बेंगलूरु में फ्लाइट के लैंड करने के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया.

### पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। धिकारियों ने कहा कि जवान पुलवामा के अवंतीपोरा इलाके में तैनात था। एक अधिकारी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में भेज दिया गया है। इस घटना में एक मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है, और यह पता लगाया जा रहा है कि जवान को इतना बड़ा कदम उठाने को क्यों मजबूर होने पड़ा।

### तमिलनाडु में आग से झुलसे प्रवासी मजदूर की मौत



**चेन्नई।** नामक्कल जिले के जेदारपलायम में तीन अन्य लोगों के साथ आग के हवाले किए गए ओडिशा के एक 19 वर्षीय प्रवासी मजदूर की बुधवार को मौत हो गई। मनोज 14 मई को नमक्कल जिले के जेदारपलायम के शेड में तीन अन्य लोगों के साथ गंभीर रूप से झुलस गया था। ये सभी यहां रह रहे थे। छत्तीसगढ़ के सुक्कुरम के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति को भी जलने के कारण गंभीर चोटें आईं। व्यक्ति को चेन्नई के एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। ज्ञात हो कि नमक्कल जिले के जेदारपलायम में गुड़ बनाने वाली एक इकाई के प्रवासी श्रमिकों के रहने वाले एक शेड में अज्ञात व्यक्तियों के एक समूह ने आग लगा दी थी। नमक्कल जिला पुलिस शेड में आग लगाने वालों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

### सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री लॉरेंस वोंग से मिले ली छांग

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली छांग ने 16 मई को पेइचिंग में चीन की यात्रा पर आए सिंगापुर के उप प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। ली छांग ने कहा कि इस साल चीन की सुधार और खुलेपन की नीति लागू करने की 45वीं वर्षगांठ है। सिंगापुर चीन के सुधार और खुलेपन में सक्रिय रूप से भाग लेता रहा है और चीन के हितों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है।

## सिद्धारमैया के ताजपोशी की तैयारी, शपथ समारोह के लिए सजने लगा कांतीराव स्टेडियम

**नई दिल्ली।** कर्नाटक को अपना अगला मुखिया मिल गया है. कांग्रेस में मैराथन मंथन के बाद आखिरकार सिद्धारमैया के नाम पर सहमति बन गई है. यही वजह है कि सिद्धारमैया के समर्थकों में जबरदस्त उस्ताह देखने को मिल रहा है. यही नहीं बेंगलूरु के कांतीराव स्टेडियम में उनकी ताजपोशी की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं. स्टेडियम का निरीक्षण किया जा रहा है और यहां पर शपथ ग्रहण समारोह के लिए जरूरी बंदोबस्त भी करना शुरू कर दिए गए हैं. बताया जा रहा है कि इसी स्टेडिमय में सिद्धारमैया कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार में से कौन होगा कर्नाटक का मुख्यमंत्री इसको




लेकर लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई है. दोनों दिग्गज नेता अपने-अपने दावे मजबूत करने में जुटे थे. ऐसे में शीर्ष नेतृत्व के विचार-विमर्श और बाकी समीकरणों को देखते हुए सिद्धारमैयार के नाम पर मुहर लगती दिख रही है. यही वजह है कि, सिद्धारमैया के समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. बेंगलूरु में सिद्धारमैया के समर्थकों ने जश्न मनाना भी शुरू कर दिया है. बड़ी संख्या में उनके सपोर्टर सड़कों पर आ गए हैं. यही नहीं सिद्धारमैया को पोस्टर को दूध से नहलाया जा रहा है. इतना ही नहीं समर्थकों ने पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार करना भी शुरू कर दिया है.

## पीएम किसान निधि की डेट हुई फाइनल



**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी हैं तो आपका इंतजार खत्म होने वाला है. क्योंकि सरकार ने निधि के तहत मिलने वाली14वीं किस्त का मसौदा तैयार कर लिया है. इसी माह के अंतिम सप्ताह में 14वीं किस्त क्रेडिट होने की उम्मीद जताई जा रही है. यदि आपने भी पीएम किसान निधि के तहत रजिस्ट्रेशन कराया है तो समय रहते जरूरी अहर्ताएं पूरी कर लें. अन्यथा 14वीं किस्त से वंचित कर दिया जाएगा. क्योंकि पिछली बार भी करीब 2 करोड़ लोगों को 13वीं किस्त का लाभ नहीं मिला था. आपको बता दें कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 13वीं किस्त 27 फरवरी को जारी की गई थी. 13वीं किस्त कर्नाटक दौरे के दौरान स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटली देश के 10 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में डाली थी. लेकिन 13वीं किस्त से लगभग 2 करोड़ ऐसे किसानों को वंचित कर दिया गया था. जिन्होने जरूरी अहर्ताएं पूरी नहीं की हैं. आपको बता दें इसके पीछे सरकार का उद्देश्य योजना में फर्जीवाडे को रोकना है था. क्योंकि कई ऐसे लोगों ने भी पीएम निधि में रजिस्ट्रेशन किया है. जो वास्तव में इसके हकदार ही नहीं है. दरअसल, सरकार ने योजना में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सभी किसानों से ईकेवाइसी कराने के लिए कहा है. लेकिन अभी भी बहुत से ऐसे किसान है. जिन्होनें ईकेवाईसी नहीं कराई है. वहीं हाल ही में सरकार ने भूलेख सत्यापन के लिए भी किसानों से अपील की है. इसलिए 14वीं किस्त जारी होने पहले किसानों को ये काम कराना जरूरी होगा. अन्यथा किस्त से वंचित कर दिया जाएगा.

## स्टेज से तेजस्वी यादव को महिलाओं ने सुनाई गाली

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर कब क्या देखने को मिल जाए कुछ पता नहीं होता है. कई बार ऐसे वीडियो देखने को मिल जाते हैं कि दिन बन जाता है. आज हम आपके साथ वीडियो शेयर करने जा रहे हैं. उस वीडियो को देखने के बाद आप भी पूरी तरह हैरान रह जाएंगे. सोशल मीडिया पर ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ महिलाएं बिहार के डिप्टी सीएम की ओर इशारा कर उन्हें गाली दे रही हैं. अब एक सवाल मन में चल रहा होगा कि गाली दे रही है वो भी एक उप मुख्यमंत्री को, ये कैसे मुमकिन है? इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है. अगर आप बिहार से हैं या बिहार के बारे में जानते हैं तो आपको इस गीत के बारे में जरूर पता होगा. यह बिहार का क्षेत्रीय संगीत है. शादी के दौरा महिलाएं अपने रिश्तेदारों और दोस्तों का नाम लेकर गालियां देती हैं. इसका माध्यम ये गीत



होता है. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि कुछ महिलाएं स्टेज से तेजस्वी की तरफ इशारा करते हुए उन्हें गाली दे रही हैं. अच्छी और दिल को छू लेने वाली बात है कि तेजस्वी भी इस पर खूब हंसते नजर आ रहे हैं. आप वीडियो में साफ देख सकते हैं कि एक महिला उनके पास जा रही है और उन्हें बेहद प्यार भरे गाने सुना रही है. वहां आस-पास लोग बैठे हैं, सब लोग बड़े मजे से गाने का लुत्फ उठा रहे हैं. इस वीडियो को एक इंस्टाग्राम यूजर ने शेयर किया है. वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा कि आजकल के लोग अपनी संस्कृति को जैसे भूल ही गए हैं तो उनको याद दिला दें कि हमारे यहां गारी गीत का प्रचलन बहुत ही प्रसिद्ध है शादियों में यहां नेता और अधिकारी सब सुनते है गारी. वीडियो पर लोगों के रिएक्शन भी सामने आ रहे हैं. एक यूजर ने लिखा कि तिलक और शादी में औरतें किसी को नहीं छोड़ती डोज सबको मिलता है. एक यूजर ने लिखा कि बिहारे त एगो अइसन राज्य बा जहां मर्यादापुरषोत्तम भगवान श्री राम जी के भी गारी सुने के परल. एक यूजर ने लिखा कि यही तो खास बात बिहार का है. एक यूजर ने लिखा कि यही हमारी संस्कृति है.

## बीएसएफ, पंजाब पुलिस ने ऑपरेशनल स्थिति मजबूत करने के लिए की बैठक

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस की ऑपरेशनल स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को यहां सीमावर्ती जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की एक संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने की जिसमें डीआईजी बॉर्डर रेंज अमृतसर, डीआईजी रेंज फिरोजपुर और सात सीमावर्ती जिलों के एसएसपी शामिल हुए। बीएसएफ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पंजाब फ्रंटियर के आईजी अतुल



फुलजेले ने किया, जिन्होंने सभी सेक्टर डीआईजी के साथ बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान सीमा पार समर्थन से सीमावर्ती क्षेत्र में होने वाले अपराधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया और बीएसएफ और पुलिस की ऑपरेशनल स्थिति को बढ़ाने के लिए आपसी सहमति बनी। बीएसएफ ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि बैठक में आतंकवादी-गैंगस्टर-तस्कर आपराधिक गठजोड़ के उभरते रुझानों, मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संवेदनशील मुद्दों, काउंटर ड्रोन उपायों के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और वास्तविक समय के आधार पर कार्रवाई योग्य सूचनाओं के तेजी से आदान-प्रदान पर विचार-विमर्श किया गया। नशीली दवाओं के खतरे की चुनौती का मुकाबला करने के लिए पुलिस और बीएसएफ के बीच बहु-स्तरीय समन्वय के महत्व पर बल दिया गया। संयुक्त समन्वय बैठक का मूल लाभ सीमावर्ती आबादी के दिलो-दिमाग में सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास पैदा करने और उन्हें सुरक्षा की भावना प्रदान करने का संयुक्त प्रयास था।

## मणिपुर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट बोलाः सुनिश्चित करेंगे, राजनीतिक कार्यकारिणी आंखें न मूंदे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह यह सुनिश्चित करेगा कि राजनीतिक कार्यपालिका मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर आंख नहीं मूंदे। साथ ही, इस बात पर जोर दिया कि वह राजनीतिक क्षेत्र में दखल नहीं देगा। हालांकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि संवैधानिक अधिकारी संयम से काम लें और भड़काऊ बयान न दें। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा, राहत और पुनर्वास के लिए किए गए उपायों पर एक नई स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सरकारी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कानून व्यवस्था बनी रहे। पीठ में शामिल जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा



और जे.बी. पारदीवाला ने कहा - मणिपुर सरकार हमें बताए कि क्या कदम उठाए गए हैं। संवैधानिक अदालत के रूप में हम यह सुनिश्चित करेंगे राजनीतिक कार्यकारिणी आंखें न मूंदे। मामले में एक पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार ने कहा कि म्यांमार से अवैध प्रवासी आ रहे हैं और वे अफीम की खेती में शामिल हैं। वहां उग्रवादी शिविर भी बढ़ रहे हैं। मणिपुर सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे मेहता ने कहा कि म्यांमार से आने वाले अवैध प्रवासी एक वास्तविक मुद्दा है। अधिवक्ता निजाम पाशा ने कहा कि मुख्यमंत्री का आधिकारिक ट्विटर हैंडल भड़काऊ ट्वीट प्रकाशित कर रहा था। पाशा ने कहा कि मुख्यमंत्री कुकी विदेशियों के बारे में बोल रहे हैं और आपने ईसाई धर्म आदि के नाम पर मणिपुर को नष्ट कर दिया। यह मुख्यमंत्री के आधिकारिक हैंडल से है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अदालत राजनीतिक क्षेत्र में दखल नहीं देगी, मगर इतना जरूर कहेगी कि अधिकारियों की ओर से संयम बरता जाना चाहिए।

## गैंगस्टर-आतंकवादी सांठगांठ मामलाः एनआईए ने 122 जगहों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** एक बड़े ऑपरेशन के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को छह राज्यों में 122 स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया इसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। छापेमारी के दौरान स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बल एजेंसी की मदद कर रहे थे। ये छापे गैंगस्टर-ड्रग्स तस्कर-आतंकवादी सांठगांठ मामले की चल रही एक जांच का हिस्सा हैं, जिसमें खालिस्तानी तत्वों से संबंध का संदेह है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में छापेमारी चल रही थी। छापेमारी के दौरान कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। पंजाब पुलिस ने ट्वीट किया, पंजाब पुलिस के सहयोग से एनआईए पंजाब में 58 स्थानों पर छापेमारी कर रही है। पंजाब पुलिस पंजाब में 143 स्थानों पर घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रही है। एनआईए की कार्रवाई आतंकवाद के कृत्यों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में खालिस्तानी समूहों से जुड़े गैंगस्टरों की संलिप्तता की ओर इशारा करने वाली खुफिया सूचनाओं के जवाब में आई है। एजेंसी का उद्देश्य आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल नेटवर्क को उजागर करना और उनकी गतिविधियों को बाधित करना है। ऑपरेशन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले आपराधिक नेटवर्क को खत्म करने के एनआईए के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।




## नए सीएम को लेकर पार्टी के अंदर नहीं बनी सहमति

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रचंड जीत के बावजूद राज्य में सीएम चेहरे को लेकर पसोपेश की स्थिति बरकरार है. हालांकि पार्टी प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला का कहना है कि जल्द पार्टी सीएम चेहरे का ऐलान करने वाली है. इस पद की दावेदारों में दो चेहरे प्रमुख हैं, सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार. इन दो नामों पर अभी पार्टी आलाकमान निर्णय नहीं ले पाई है. वहीं ऐसा भी कहा जा रहा है कि सिद्धारमैया को सीएम बनाया जा सकता है. इस पर रणदीप सुरजेवाला का कहना है कि इस तरह का अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है. उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, सीएम का नाम अभी तय नहीं हुआ है. जल्द इस पर निर्णय लिया जाएगा. इसके बारे



में बता दिया जाएगा. नए सीएम की घोषणा को लेकर सुरजेवाला का कहना है कि कई तरह की अफवाहें जारी हैं. अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान न दिया जाए. सीएम को लेकर बातचीत पर उन्होंने कहा, नए सीएम पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही निर्णय लेंगे. सीएम को लेकर चल रही अटकलों को लेकर किसी तरह की कोई सच्चाई नहीं है. भाजपा गलत सूचना देकर अफवाह फैला रही है. कृप्या कर इन अफवाहों पर चर्चा न करें. उन्होंने कहा कि सरकार गठन के 48 से 72 घंटे के अंदर कैबिनेट की बैठक होगी और इस पहली बैठक में ही पांच गारंटी लागू होगी. सुरजेवाला ने कहा, कर्नाटक में स्थिर और पारदर्शी सरकार दी जाएगी. यह जनता की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहने वाली है.

# कोलारस पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा जिले में अवैध शराब की रोकथाम करने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवुपरी श्री प्रवीण कुमार भुरिया एंव एसडीओपी कोलारस श्री बिजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में दिनांक 16/05/23 को थाना प्रभारी गश्त मैं थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पल्सर मोटर साईकिल पर अवैध शराब बेचने के लिये लेकर भडौता तरफ से रन्नौद मार्ग पर कोलारस की ओर आ रहा है । सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कोलारस पुलिस बल के साथ भडौता पुल के पास पहुचे ,तभी एक व्यक्ति पल्सर मोटर साईकिल लाल काले रंग की जिसका नंबर एम.पी. 33 एम.के. 7348 से पीछे दोनो तरफ दो प्लास्टिक के कट्टे रस्सियों से बांधकर लटकाये हुये आया जिसे फोर्स की मदद से रोककर उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मोहन सिंह तोमर पुत्र रामअवतार तोमर उम्र 36 साल



निवासी बैरसिया थाना कोलारस का होना बताया बाद उक्त मोटर साईकिल पर बंधे कट्टो को खोलकर चैक किया तो दोनो कट्टो मे 03-03 पेटी निकली उक्त पेटियों को खोलकर चैक किया गया तो प्रत्येक पेटी मे 50-50 क्वाटर देशी प्लेन शराव के क्वाटर पाये गये । आरोपी से उक्त शराब को लाने ले जाने एवं बेचने संबंधी बैद्य लायसेंस चाहा तो नही होना बताया । आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराव रखने एवं परिवहन करने का कृत्य धारा 34(2) आवकारी एक्ट का पाया जाने से 06 पेटी अवैध देशी सफेद प्लेन शराब करीब 54 लीटर कीमती करीब 20,000 रूपये मय मोटर साईकिल पल्सर करीब 80,000 रूपये की विधिवत जप्त कर कब्जे पुलिस ली गई । आरोपी अवैध शराब गांव के भोले भाले लोगो को अपनी मनमानी कीमत पर बिक्री कर शराब पीने का आदि बना रहा है जिससे युवा पीडी पर विपरीत प्रभाव पङ रहा है बाद आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर बैधानिक कार्यवाही की जाकर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है । उक्त कार्यवाही में उनि. हरिशंकर शर्मा, सउनि. रामसिंह भिलाला, प्र.आर. 214 मुकेश इंदौरिया, आर. पुष्पेन्द्र रावत, आर. गजराज सिंह, आर. चालक बलराम मोगिया की सराहनीय भूमिका रही है ।





## मधुसुदनगढ़ नगर परिषद की अव्यवस्था को देखते हुए नगर कांग्रेस कमेटी ने तहसीलदार महोदय को दिया ज्ञापन

रिपोर्टर-प्रतीष अग्रवाल पुष्पांजलि टुडे

**मधुसुदनगढ़।** नगर परिषद में चल रही सफाई करमियों की हड़ताल से नगर के लोग हो रहे हैं परेशान पिछले तीन माह से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उनकी कुछ मांगें है जो नगर परिषद के अधिकारी पूरी नहीं कर रहे हैं। इसके चलते सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। नगर में चारों तरफ गंदगी ही गंदगी फैली हुई है। इसी प्रकार सफाई कर्मचारियो की हड़ताल जारी रही तो नगर में भयंकर बीमारियां फैलने के आसार नज़र आ रहे हैं। इसी अव्यवस्था को देखते हुए आज नगर कांग्रेस कमेटी ने तहसीलदार महोदय को आवेदन दिया जिसमे में कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष खेमराज नेगी, जगदीश अग्रवाल वरिष्ठ नेता, प्रदीप शर्मा वार्ड क्रमांक 3 पार्षद पति, कमरलाल कुशवाह, विवेक गुर्जर, रामनाथ भिलाला,

## रक्तदान करके मनाया जन्मदिन, युवा व्यवसायी नें दिया जागरूकता का सन्देश

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। वर्तमान समय में जहाँ युवा पीढ़ी अपने जन्मदिन पब, रेस्टोरेंट में केक काटकर बनाते है, वही शहर के एक युवा व्यवसायी सार्थक गांगरा किड्स कैंप के संचालक नें अपना जन्मदिन रक्तदान करके मनाया। जिला अस्पताल दमोह में भर्ती थैलेसीमिया मरीज यशिका जैन को 3 दिन से निरंतर ब्लड की आवश्यकता है,सोशल मीडिया के माध्यम से जैसे ही इसकी जानकारी सार्थक को लगी तो तुरंत ही रक्तदान सेवा समिति से संपर्क कर रक्तदान करने कि बात रखी और उन्होंने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर तत्काल ही जिला अस्पताल पहुंचकर किया ओ पॉजिटिव रक्तदान कर जीवनदान के इस पुण्य कार्य में सहयोगी बने। इस अवसर पर पं.राम मिश्रा, लक्ष्मीकांत पौराणिक, विनय विश्वकर्मा के अलावा अस्पताल प्रबंधन कि मौजदगी रही।



## कोलारस एसडीएम ने की कार्यवाही, राशन की पूर्ति कर रहे विक्रेता

**राकेश परिहार पिछोर**

शिवपुरी। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में अनियमितता ना रहे। इस पर एसडीएम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। कोलारस एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने कोलारस क्षेत्र में विक्रेताओं पर कार्यवाही शुरू कर दी है। एसडीएम मोती लाल अहिरवार ने बताया कि पहले दुकानों से गायब राशन की पूर्ति राशन खरीद कर की जा रही है। जिन उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन में राशन कम पाया गया था। जिस पर विक्रेताओं को नोटिस जारी किए गए और सख्त निर्देश दिए गए हैं। यदि अनियमितता की जाएगी तो संबंधित की चल अचल संपत्ति की जानकारी एकत्रित कर संपत्ति कुर्क कर नीलामी की जाएगी। अनियमितता





करने वाले के विरुद्ध खाद्यान्न का गबन करने पर भारतीय दंड संहिता और मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जाएगा। कार्यवाही शुरू होते ही समिति प्रबंधक और विक्रेता गायब किए गए अनाज की पूर्ति बाजार से खरीद कर कर रहे हैं और शपथ पत्र भी दे रहे हैं कि कमी पाए गए राशन की पूर्ति करेंगे। आज दो उचित मूल्य दुकानों महिला बहुउद्देशीय सह संस्था रन्नौद द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान रन्नौद विक्रेता वीरेंद्र भदौरिया प्रबंधक सुमन भदौरिया और शासकीय उचित मूल्य की दुकान मोहनपुर विक्रेता हरवीर कलावत एवम प्रबंधक रमेश जाटव द्वारा 200 कुंटल गेहूं दुकानों पर स्टॉक में लाकर रखा गया है। एसडीएम कोलारस ने बताया कि राशन विक्रेताओं के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला आयोजित

**रामस्वरूप रजक, पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी। म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शिवपुरी की कौशल एवं रोजगार शाखा द्वारा ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला आज बुधवार को 26 नंबर कोठी कार्यालय शिवपुरी में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 51 बेरोजगार युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया। प्रायवेट कंपनी सुमन बेकरी प्रा.लि.शिवपुरी के ग्राम दर्रोनी स्थित प्लांट में बेकरी उत्पादों के निर्माण एवं विक्रय हेतु विभिन्न पदों के लिए युवाओं की जानकारी दी गई। जिसमें 18 युवाओं को कंपनी द्वारा चयनित किया गया। शेष बेरोजगार युवाओं को भी आगे जॉब ऑफर दिए जाएंगे। इस रोजगार मेला में जिला प्रबंधक कामना सक्सेना एवं जिला प्रबंधक (रोजगार) सुश्री तृप्ति राय द्वारा शिवपुरी के विभिन्न ब्लॉकों से आए बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार क्षेत्र के लिए मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया गया।



## तेंदूखेड़ा और जबेरा को मिली एक एक हाईटेक पशु एंबुलेंस

### एक कॉल पर उपलब्ध होगी, घर आकर इलाज मिलेगा

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। गौरक्षा संकल्प सम्मेलन भोपाल से जबेरा विधानसभा के जबेरा तेंदूखेड़ा ब्लाक को 2 एंबुलेंस दी गई हैं। इनके साथ स्टॉफ भी मौजूद रहेगा। अब विधानसभा में गौमाता का इलाज एंबुलेंस से हो सकेगा। विधायक जबेरा धर्मेंद्र सिंह लोधी ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा सर्वसुविधा युक्त एंबुलेंस मिली हैं जो गौमाता की सेवा के लिए काम करेगी। हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया हैं। यह पशु चिकित्सालय के माध्यम से संचालित होगी। बीमार गौमाता का उपचार एंबुलेंस के माध्यम से हो सकेगा, जिसमें 3 डॉक्टरों की टीम रहेगी।

**टोल फ्री नंबर पर कॉल करके मिलेगा इलाज**-विधानसभा में जिस किसी को भी अपने बीमार पशु के उपचार के लिए घर पहुंच सेवा चाहिए, वो टोल फ्री नं. 1962 पर कॉल कर एम्बुलेंस सेवा का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए विकासखण्ड जबेरा एवं तेंदूखेड़ा में को एक-एक एंबुलेंस दी गई है।


# आज मनाई जायेगी शनि जयंती

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। शनि जयंती 19 मई शुक्रवार को मनाई जाएगी। इस दिन सभी जातकों के लिए शनि जयंती शुभ फलदायी होगी। वहीं जिन पर शनि का साढ़े साती और अढैया चल रहा हैं, वह शनि को प्रसन्न करने का प्रयास करें तो उनके कष्ट दूर हो जाएगें।

### शनि मंदिर में होंगे धार्मिक आयोजन

श्री शिव शनि हनुमान मंदिर एसपीएम नगर के पुजारी बालकृष्ण शास्त्री एवं पंडित आशुतोष गौतम आचार्य के अनुसार शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता हैं। वह भगवान सूर्यदेव के पुत्र हैं और मृत्यु के देवता यमराज के भाई हैं। जबकि उनकी माता का नाम छाया हैं। शनिदेव न्याय के देवता होने के कारण समय समय पर सभी की राशियों में आते हैं और उन्हें उनके कर्मों के अनुसार अच्छे और बुरे फल देते हैं। शनि जयंती में अमृत योग होने के चलते इस बार शनिदेव शुभ फल देगें। शनिदेव से मांगे क्षमा और करें पूजन जिन जातकों की राशियों में शनि की साढ़े साती चल रही हैं और जो भगवान शनिदेव को प्रसन्न करना चाहते हैं, वह उन्हें सरसों का तेल, तिल, काला कपड़ा आदि अर्पित करें। साथ ही भगवान शनि के मंत्रों का जाप करें। जो लोग बीमारियों से पीड़ित हैं, वह शनि के मंत्रों का जाप करें एवं हनुमान जी एवं भगवान शिव के मंत्रों



का पाठ करें।

**इसलिए चढ़ाया जाता हैं तिल**-पं. बालकृष्ण शास्त्री के अनुसार मान्यता हैं कि रामायणकाल में रावण ने शनिदेव को अपने घर बंदी बना लिया था और कुण्डली में ऐसे घर में बिठा दिया था जिससे रावण की मृत्यु आसानी से नहीं होती। लेकिन शनिदेव की नजर थोड़ी से टेड़ी हो गई जिसके कारण हनुमान जी लका में आग लगाने में सफल हुए। लेकिन इस अग्निकाण्ड के दौरान भगवान शनिदेव भी झुलस गए थें। आग से झुलस जाने पर जलन को रोकने के लिए सरसों का तेल लगाया जाता हैं तभी से भगवान शनि को सरसों का तेल चढ़ाया जाता हैं।

**ऐसे अर्पित करें तेल**-कई लोग भगवान शनिदेव को सरसों का तेल अर्पित करते हैं, लेकिन इसके बाद वह प्रतिमा को रगड़ते हैं जो कि गलत हैं बताया जाता हैं कि भगवान की प्रतिमा को रगड़ने से शनिदेव को कष्ट होता हैं इसलिए उन्हें सिर के ऊपर से तेल अर्पित कर छोड़ देना चाहिए।शनि जयंती के अवसर पर जहां एसपीएम नगर स्थित श्री शनि हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजन अर्चन का दौर प्रारंभ होगा वही शाम 5 बजे से हवन शनिदेव जी का अभिषेक एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा इसके पूर्व संगीत में सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है समिति ने सभी धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में शनि भगवान को प्रसन्न करने के लिए शनि मंदिर में उपस्थिति की अपील की है।

सफलता की कहानी

## वंशी आदिवासी की भूमि का सीमांकन कर रास्ता चालू करवाया

**रामस्वरूप रजक, पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण के तहत ग्राम श्यामपुर के पटवारी एवं प्रभारी रा.नि. द्वारा ग्राम में आयोजित शिविर के दौरान आवेदक वंशी आदिवासी का मौके पर ही सीमांकन कर रास्ता चालू करवाया गया जिससे आवेदक काफी खुश हुआ और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। तहसील बदरवास के ग्राम श्यामपुर निवासी वंशी आदिवासी की भूमि सर्वे क्रमांक 174 रकवा 0.33 हेक्टेयर पर प्रति वर्ष खेती हेतु ट्रेक्टर कृषि यंत्र आदि ले जाने में कई खेतों से घूमकर आना पड़ता था जबकि पटवारी नङूशे में आवेदक का खेत रास्ते से लगा हुआ था। रास्ते से लगा होने के कारण परिवार के ही अन्य लोगों ने आवेदक के खेत के रास्ते से लगे हुए भाग पर बागड़ कर एवं घूरा आदि बना लिया था एवं आवेदक को स्वयं के ही खेत पर जाने के लिए अन्यत्र स्थान से घूमकर आना पड़ता था जिससे आवेदक काफी परेशान था। आवेदक से पूर्व में ही सीमांकन हेतु प्रकरण क्रमांक दर्ज करवा दिया था।

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### महाराणा प्रताप चौक से कीर्ति स्तंभ चौराहे तक को मॉडल रोड बनाया जाए: मनु मिश्रा जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**



दमोह। जिला शहर कांग्रेस कमेटी दमोह के अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा ने कलेक्टर मयंक अग्रवाल को एक ज्ञापन पत्र देकर मांग की है कि जबलपुर नाका महाराणा प्रताप चौक से कीर्ति स्तंभ कोतवाली चौराहे तक कि रोड को चौड़ीकरण कर के बीच से डिवाइडर बनाकर मॉडल रोड के रूप में बनाया जाए। इस रोड से सभी वीआईपी लोगों का आना जाना होता है तथा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, पुलिस अधीक्षक एवं सांसद कार्यालय जैसे सभी प्रमुख लोगों का निवास एवं कार्यालय इसी मार्ग पर है। इस सड़क के चौड़ीकरण होने से कलेक्ट्रेट एवं जबलपुर नाका जाने वाले लोगों को सुविधा होगी तथा शहर की सुंदरता भी बढ़ जाएगी। इसके पूर्व में भी अनेक संगठनों द्वारा इस रोड को बनाए जाने की मांग की थी। शहर की इस प्रमुख समस्या का कलेक्टर अवश्य निदान करेंगे ऐसी अपेक्षा करते है।

## उटीला मंडल में बूथ विजय संकल्प अभियाम के तहत सभी मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ विजय संकल्प लिया!

**अशोक पाठक/पुष्पांजली टुडे**

बूथ बिजय संकल्प अभियान के तहत आज दिनांक 17/05/2023 को सुबह 9 बजे गिर्राज जी मंदिर उटीला में बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रवक्ता के रूप में रामनाथ राणा जी मंडल अध्यक्ष केशव सिंह गुर्जर जी वरिष्ठ भाजपा नेता सुधाकर पाठक जी प्रेम सिंह राजपूत जी सोनू पाठक युवा मोर्चा जिला उपाधयक्ष किसान मोर्चा उटीला अध्यक्ष मंडल हरी सिंह बघेल किसान मोर्चा महामंत्री अशोक पाठक उपाध्यक्ष बृज मोहन पाठक,मनोज शर्मा कि.मो.मंत्री हरी शंकर चौहान गोविंद सीरौठिया युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नकुल यादव उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा जमील खान सहित सैंकडो कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम में अपने अपने बूथों में विजय के लिए कार्यकर्ताओं के द्वारा संकल्प लिया गया बैठक के अंत में सुधाकर पाठक जी द्वारा सभी कार्यकर्ता गणों का धन्यवाद व्यक्त किया गया।



## शिवपुरी पुलिस द्वारा 1 मई से 15 जून तक किया जा रहा है समर कैंप का आयोजन, पुलिस अधीक्षक द्वारा कैंप मे पहुंचकर लिया जायजा

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

समर कैंप एक विशेष शिविर है जो बच्चों और किशोरों के लिए गर्मियों के मौसम में आयोजित किया जाता है। साथ ही, छात्र मज़े करने और नई चीज़ें सीखने के लिए एक साथ आते हैं। ये बच्चों को सुरक्षित वातावरण में घर से दूर नए रोमांच की कोशिश करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, समर कैंप के दौरान कई बच्चे नए दोस्त बनाते हैं और आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल विकसित करते हैं। शिवपुरी पुलिस द्वारा खेल परिसर शिवपुरी मे 01 मई से 15 जून तक 18 साल तक के बच्चों के लिये समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है । समर कैंप मे बैटमिंटन, फुटवाल, कब्बड्डी, जूडो, हॉकी आदि खेलों का आयोजन किया जा रहा है । परीक्षाएं खत्म और स्कूल के समर वैकेशन शुरू होने पर बच्चे उत्साह और रोमांच से भरे होते हैं, छुट्टी के इन दिनों में बच्चे मनचाही जगह घूमने जाना चाहते हैं और खेलकूद सहित अपनी प्रतिभा को निखारने के लिये खेलों मे भाग लेते हैं, इसी उद्देश्य से शिवपुरी पुलिस द्वारा 01 मई से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन खेल परिसर शिवपुरी मे किया जा रहा है। इसमें बच्चे खेल खेल में नई-नई चीजें सीखेंगे। इस कैंप में विभिन्न प्रकार के खेलों को सामिल किया गया है, जिससे चहुमुखी विकास हो सके। आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा आज समर कैंप का जायजा लिया एवं खिलाड़ियों का परिचया प्राप्त किया गया। इस इवसर पर सीएसपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, खेल विभाग से डॉ. केके खरे एवं उनकी टीम, सूवेदार भानुप्रताप उपस्थित रहे ।



# विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर रक्तचाप, डायबिटीज परीक्षण किया गया

## जागरूकता ही प्राण घातक बीमारी का इलाज है : डॉ. रमेश दुबे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । केंद्र ,प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने बाली स्वास्थ सुविधा का लाभ उठाए ,उक्त वक्तव्य भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने भिंड ब्लाक के ग्राम दबोहा में कहे। उक्त शिविर भारतीय जनता पार्टी पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार विश्व हाइपरटेंशन दिवस के तहत सभी जिलों में जन सेवा भाव के कार्य के लिए हाई ब्लड प्रेशर , डायबिटीज से पीड़ित मरीजों के जन सुविधाओं के हेतु निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है और विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा समझाइश दी जा रही है ऐसी बीमारी से हमें किस प्रकार बचना है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला इकाई द्वारा भिंड ब्लाक के ग्राम पंचायत दाबोहा में निशुल्क स्वास्थ्यपरीक्षण शिविर आयोजित किया गया ,रक्तचाप, मधुमेह परीक्षण शिविर में ग्राम के पुरुष और महिलाओं ने जांच कराई ।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश दुबे ने कहा कि हाइपरटेंशन स्वास्थ्य के प्रति हम पूर्ण रूप से जागरूक बने और सही समय पर इलाज लेकर स्वस्थ रहें डॉक्टरों से विचार विमर्श करते हुए ऐसी बीमारियों से हम अपना बचाव स्वयं रखकर कार्य करें केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के के लिए मेडिसन उपलब्ध कराई है और 142 प्रकार की निशुल्क जांच जिला अस्पताल में कराई जाती है जिसका लाभ प्राप्त करें और उन्होंने कहा कि भारत सरकार आयुष्मान भारत कार्ड योजना के माध्यम से 5 लाख रुपए का इलाज भी कराया जाएगा। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ राजौरिया ने विश्वहाइपरटेंशन दिवस ग्राम दबोहा में कहा की नियमित रूप से व्यायाम करना,नमक, चीनी और वसा के सेवन पर नियंत्रण के




साथ स्वस्थ आहार लेना शराब,सिगरेट धूम्रपान और अवैध दवाओं के सेवन को सीमित करना या रोकना,कैफीनयुक्त पेय को कम करना।एक्टिव रहें (व्यायाम, योग, आदि) गतिहीन जीवनशैली से बचें और अपनी एक्टिविटीज़ को बढ़ाएं। हेल्दी वेट मेंटेन रखें अधिक वजन होने से हाई ब्लड प्रेशर होने का जोखिम बढ़ सकता है। नमक का सेवन सीमित करें बैलेंस डाइट लें पोटैशियम का सेवन अधिक करेंशराब से बचें .तनाव कम करें धूम्रपान छोड़ देंशरीर का वजन संतुलित रखेंधूम्रपान ना करें पर्याप्त नींद लें तनाव से बचें शुगर, रिफाइंड कार्ब्स और प्रोसेस्ड फूड कम खाएं रोजाना हल्का व्यायाम करेंब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने वाली दवाएं लें।पौष्टिक भोजन खाएं अपने रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद के लिए, आपको खाने में सोडियम (नमक) की मात्रा को सीमित करना चाहिए और अपने आहार में पोटेशियम की मात्रा बढ़ानी चाहिए वाहिकाओं की दीवारों पर रक्त संचार करने का जो दबाव होता है, उसे रक्तचाप कहते हैं। इसमें से ज्यादातर दबाव उस रक्त से होता है जो हृदय द्वारा पंप किया जाता है। उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन इसलिए खतरनाक माना जाता है क्योंकि यह हृदय को रक्त को बाहर पंप करने में मुश्किलें पैदा करता है। कार्यक्रम का संचालन युवा समाज सेवी उपेंद्र कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह राजावत, ग्रामीण मंडल के पूर्व महामंत्री एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिनेश शर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच मुरालीलाल शाक्य , डॉ आर डी परिहार डॉक्टर वरुण शर्मा दिनेश शर्मा रामजी लाल शर्मा अतुल गुप्ता ग्राम विकास समिति अध्यक्ष वासुदेव शर्मा डॉ सुरेश वर्मा,डॉक्टर मुन्नालाल मिश्रा, रामजी लाल शर्मा, प्रकोष्ठ के सह जिला संयोजक डॉ आरडी परिहार,सामुदायिक स्वास्थ्य डॉ शशांक त्रिपाठी,अंजना श्रीवास, कुमार दीक्षित आनंद कुमार दीक्षित,एवं प्रीति विश्वकर्मा, डॉक्टर हनुमंत सिंह कुशवाह ने ग्रामीण जनों का चेकअप कर लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और निशुल्क दवा वितरण की।



# हैदराबाद के गन्डी मैसम्मा में आई मां ट्रेडिंग शोरूम का भव्य शुभारम्भ

**पुष्पाजंली टुडे**

हैदराबाद। मेडचल के निकट गन्डी मैसम्मा चौरास्ता क्षेत्र में निम्बेडा कलां हॉल गाजुलारामाराम हैदराबाद निवासी युवा समाजसेवी जगदीश चुन्नीलाल सोलंकी के नवीन प्रतिष्ठान आई मां ट्रेडिंग शोरूम का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानन्दज महाराज एवं सीरवी समाज महासभा तेलंगाना प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष हरजीराम काग के शुभ हस्ते 11 मई 2023 को कई विशिष्ट महानुभावों की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस दौरान पारसी गुट्टा बडेर शिक्षा कमेटी के अध्यक्ष परसुराम बर्फा ,शमशाबाद बडेर के उपाध्यक्ष मलाराम पंवार जगदीश सोलंकी, गोविन्दराम हाम्बड, डॉ हीराज बोईनपली, एवं तेजाराम हाम्बड, राहुल हाम्बड, सचिन सोलंकी, गीता सोलंकी ,हेमलता सोलंकी, राखी हाम्बड, रमेश राठौड़, मांगीलाल गहलोत, गोतम राठौड, बुधाराम राठौड , भोमाराम चोयल, मुलाराम, मगलाराम मुलेवा, प्रकाश पवार, ताराचंद परिहार पंडित गोविंद राम ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत सत्कार कर आभार प्रकट किया।

# नारियों का सम्मान मध्यप्रदेश का अभियान के कार्यक्रम को नारी सम्मान योजना के आवेदन दिए गए एवं भरवाए गए

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**



जिसमें कार्यक्रम के आयोजक एवं संचालन करता एडवोकेट तिलक सिंह राजोरिया प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस के द्वारा किया गया जिसमें सचिन द्विवेदी भारत जोड़ो यात्रा के भारत यात्री और रेखा भदौरिया महिला जिला अध्यक्ष भिंड मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिसमें कार्यक्रम में उपस्थित लोकेंद्र गुर्जर प्रदेश सचिव दिनेश यादव मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश जैन शबनम शर्मा नवनियुक्त नया जाटव महिला महिला ब्लॉक अध्यक्ष सुजान सिंह गुर्जर वीरेंद्र गुर्जर हरि सिंह नेताजी आशुतोष शर्मा इकबाल खान शेर सिंह गुर्जर राकेश गुर्जर जाहिद खान प्रदीप यादव रणवीर यादव समीर खान सोमपाल यादव कल्लू गुर्जर जागेश यादव शाहिद खान विक्की यादव विकास यादव बलराम जाटव वीर सिंह कुशवाह आकाश शर्मा।

# श्री जीजीवड़ आईमाताजी मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा की पचीसवी वर्षगांठ महोत्सव की तैयारिया जोरों पर

**पुष्पाजंली टुडे**



पाली-। श्री आईमाताजी मन्दिर डायलाना धाम के प्रांगण में श्री जीजीवड आईमाताजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की पचीसवी वर्षगांठ के शुभ अवसर पर धार्मिक मेले का आयोजन शनिवार दिनांक 20 मई को सत्संग एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। 21 मई को महाप्रसादी का आयोजन होगा ।भजन संध्या में भजन गायक कलाकार शंकर टॉक एण्ड पार्टी गायिका सरिता खारवाल की ओर से भजनों की प्रस्तुति देगे। इस धार्मिक कार्यक्रम में पीरोसा सिंह सिद्धिपीठ आईपथ बिठौडा भगवतगिरी महाराज पिचावा श्री श्री 1008 हुकमभारती महाराज आश्रम मोडीगठ मंगल भारती मोंगा महाराज कणवा गुरूदेव महन्त उमाशंकर भारती सका महाराज सोमगिरी महाराज सदाकाकर रूपा महाराज एंव पुजारी जीजीवड डायलाणा धाम के सुजाराम गेहलोत बाल भक्त भोलाराम के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा ।इस सामोरह के मुख्य अतिथी पी पी चौधरी पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सासंद पाली,हेमन्त गादाणा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष पाली,चन्द्रेश शेखर मेवाड़ा सरपंच संघ अध्यक्ष पंचायत समिती देसुरी, डुगाराम गेहलोत अध्यक्ष श्री जीजीवड, खुशवीर सिंह विधायक मारवाड़ जंक्शन, केसाराम चौधरी पूर्व विधायक मारवाड जंक्शन, राजाराम चौधरी सरपंच डायलाणा कलां, कानाराम चोयल सरपंच गुडा ठाकुरजी एवं सामोरह के विशेष अतिथी कानाराम सोयल आईएस कृषि आयुक्त राजस्थान सरकार, विनोद कुमार सीरवी आइ आर एस उपनिरीक्षक आयकर विभाग, एवं चन्दाराम भायल कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी महासभा जसराज के.राठौड़ ,रामलाल सैणचा गांधीधाम अध्यक्ष उज्जैन ट्रस्ट, सुरेश चौधरी अध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी युवा सीरवी युवा परिषद, दिनेश गेहलोत सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रांत, हिरालाल राठौड अध्यक्ष बिबेकवाडी पुणे,दिनेश राजपुरोहित विंगरला पुणे, जगदीश आगलेचा अध्यक्ष कवडेरोड पुणे, प्रकाश परमार अध्यक्ष घाटकोपर मुम्बई सहित समाज के गणमान्य हिस्सा लेगे। इस कार्यक्रम में शोभायात्रा वरघोडा निकाला जाएगा जिसमें बड़ी सख्या में गेर मंडल के सदस्य एंव महिलाएं बालिकाए भाग लेगी। इस सामोरह में लाभार्थी परिवारों का स्वागत किया जाएगा ।शकर काग पुणे ने बताया की कार्यक्रम को लेकर भक्तों में भरपूर उत्साह है।प्रतिदिन बैठकों का दौर जारी है।विभिन्न समितियां बनाकर सभी को कार्यभार सौपे जा रहे है।

# पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र पर पति-पत्नी को मिलाया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार के निर्देशन में एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा श्रीमती पूनम थापा के मार्गदर्शन में दिनांक 17/05/2023 को आवेदिका नीलम पत्नी राजकुमार सिंह भदौरिया नि. ग्राम गाता थाना मेहगांव एवं अनावेदक राजकुमार सिंह पुत्र स्व. गोविंद सिंह भदौरिया का 04 वर्ष से चल रहे विवाद पर से आपसी समझौता कराया गया। जिसमें अनावेदक पति द्वारा प्रार्थिया एवं उसके 04 बच्चों को घर से निकाल दिया था, जिससे बच्चों की पढ़ाई लिखाई बंद हो गई थी। इन विवादो के कारण दोनो पति पत्नी अलग-अलग रह रहे थे जिसमें आज दोनो पक्षों को सुना एवं परामर्श दिया, परामर्श उपरांत पति द्वारा अपनी पत्नी एवं बच्चो को साथ रखने एवं खर्चा आदि देने के लिये तैयार हो गया जिस पर से आवेदिका भी अपने पति के साथ हंसी खुशी जाने के लिये तैयार हो गई और एक दूसरे को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर साथ रहने की कसमें खाई । सराहनीय भूमिका में उपनिरीक्षक गीता सिकरवार,कार्यालय उपनिरीक्षक मिथलेश भदौरिया, कार्यालय महिला प्रधान आरक्षक रीता तोमर, महिला आरक्षक सीमा पाल,महिला आरक्षक किरण कुशवाहा के द्वारा आवेदक एवं अनावेदक गणों को परामर्श दिय गया जिससे वे हंसी खुशी एक- दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गये।

# आईमाता बडेर रामपुरा ट्रस्ट की पांचवी वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई

**पुष्पाजंली टुडे**



**पाली।** श्री आईमाताजी बडेर रामपुरा गांव में आईमाता बडेर प्राण-प्रतिष्ठा की पांचवी वर्षगांठ धूम-धाम से मनाई। रात्रि जागरण में आईमाताजी की पूजा-अर्चना के पश्यात भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें भजन गायक कलाकार रमेश सीरवी एण्ड पार्टी की ओर से मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया ।सुबह मंदिर में विशेष पूजा-अर्चनाकर कर गाजों बाजों के साथ जयकारे लगाते हुए लाभार्थी परिवार द्वारा मंदिर के शिखर पर धव्जा चढाई गई ।इस अवसर पर पकाराम जमादारी,सावलराम कोटवाल,वजाराम,सावलराम परिहार, गमनाराम पँवार, रमेश परिहार, अमराराम, भँवरलाल, मोटाराम हाम्बड़, ओर गाँव रामपुरा जोजावर की सम्पुर्ण युवा टीम आदि मौजूद रहे।

# मीना एवं रामकली जैन दीक्षा ग्रहणकर बनेंगी जैन साध्वी

## सोमवार 5 जून को ग्राम हथनी (दमोह) में होगी दीक्षा

मुरेना-/अंबाह-जैन समाज मुरेना की दो विदुषी महिलाएं आत्मकल्याण हेतु गृह त्यागकर 5 जून को जैनेश्वरी दीक्षा धारणकर जैन साध्वी बनेंगी । जैन धर्म के मतानुसार पुरुषों द्वारा मुनि दीक्षा एवं महिलाओं द्वारा आर्यिका दीक्षा ग्रहण करना परम सौभाग्य की बात मानी जाती है । जैन साधु या साध्वी बनना तलवार की धार पर चलने जैसा है । दीक्षा लेने के बाद आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने के साथ ही वर्ष में तीन चार बार सिर के बाल हाथों से निकालने होते हैं चौबीस घण्टे में एकबार अन्न पानी (आहार) करपात्र में लेना होता है । सभी प्रकार के वाहन का त्यागकर पद यात्रा करनी होती है । सभी प्रकार के सांसारिक सुखों का त्याग करना होता है ।

मुरेना नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपति पवन जैन (रतीराम पुरा वाले) की मातुश्री श्रीमती मीना जैन धर्मपत्नी स्व.श्री ओमप्रकाश जैन एवं स्थानीय शिक्षक संतोष जैन, नीलेश जैन,दीपक जैन की मातु श्री श्रीमती रामकली जैन धर्मपत्नी नत्थीलाल जैन (चांदपुर वाले) ने सांसारिक सुख, मोह माया का त्यागकर जैनेश्वरी



आर्यिका दीक्षा ग्रहण करने का दृढ़ निश्चय किया है आप दोनों विदुषी महिलाओं को ग्राम हथनी (दमोह) मध्यप्रदेश में सोमवार 5 जून 2023 को परम पूज्य अभिक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या गणिनी आर्यिका श्री सौम्य नन्दिनी माताजी के करकमलों द्वारा क्षुल्लिका जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की जाएगी। दीक्षार्थी श्रीमती मीना जैन का जन्म 5 जुलाई 1956 को मध्यप्रदेश के मुरेना जिले की अम्बाह तहसील के ग्राम अझेड़ा में जैसवाल जैन श्रावकश्रेष्ठि देवीराम चन्द्रावली जैन के परिवार में हुआ था । आपने 8वीं तक लौकिक शिक्षा ग्रहण की । आपकी शादी मुरेना जिले के रतीराम पुरा ग्राम में जैसवाल जैन श्रावक श्रेष्ठि श्यामलाल ज्ञानमती जैन रावत गोत्रीय के पुत्र श्री ओमप्रकाश जैन से हुई थी । आपके परिवार में इकलौता पुत्र पवन जैन, पुत्रबधू शशि जैन एवं नाती ऋषभ, शुभम हैं । द्वितीय दीक्षार्थी श्रीमती रामकली जैन का जन्म 1954 में राजस्थान के राजाखेड़ा में जैसवाल जैन श्रावक श्रेष्ठि अमीरचंद अंगुरीदेवी जैन के परिवार में हुआ था । आपकी शादी मुरेना जिले के चांद का पुरा ग्राम में जैसवाल जैन श्रावक श्रेष्ठि श्री देवीराम कलावती जैन के कोलानायक गोत्रीय परिवार में नत्थीलाल जैन के साथ हुई थी । आपके परिवार में पति एवं पुत्र संतोष, नीलेश,दीपक पुत्र पुत्र बधुओं, नातीयों से सहित भरापूरा परिवार है ।





# विकलांग बल ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

## क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह को भी दिया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । विकलांग बल के प्रदेश सचिव शिवराज उर्फ सौरभ बघेल ने 17 मई बुधवार को दो सूत्रीय ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक माननीय संजीव सिंह कुशवाह एवं भिण्ड कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं माननीय शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया,जिसमें पहला अनुरोध किया गया है की मध्यप्रदेश के हर जिले से मध्य प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 एवं 2023 में वर्ग -1, वर्ग - 2 एवं वर्ग - 3 में क्वालीफाई अहर्ता अंक प्राप्त किये है । उन सभी विकलांग जन कोशिक्षक पद पर विकलांग जन विशेष भर्ती के माध्यम से नियुक्त किया जाये एवं जो विकलांग जन शासकीय विद्यालय में तीन वर्ष से 5 वर्ष तक अतिथि शिक्षक के रूप में अपनी निरंतर सेवा दे रहे हैं उन को नियमित किया जाए। ज्ञापन देने के लिए मुख्य रूप उपस्थित हुए लहार अध्यक्ष सुदामा कुशवाह जिला सचिव ब्रजेश शाक्य सह सचिव भानुप्रताप फूप सचिव राम प्रकाश शाक्य, सूरज बघेल,रंजीत बघेल सर,रामवीर, राजबीर एवं नारायण आदि।

# कांग्रेसियों ने प्रेस वार्ता में गिनाई शहर की समस्याएं

## शहर कांग्रेस कमेटी ने कार्यकारणी सूची जारी की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भिण्ड शहर जिला मुख्यालय होते हुए भी पिछले 18 वर्षो से भाजपा सरकार में अपनी दुर्दशा के लिए संघर्ष कर रहा है।भाजपा के नेता अब जनता की सुविधाओं, महंगाई, बेरोजगारी, बिजली, पानी, सड़क, सीवर, नाली और सफाई की बात नहीं करते हैं। ये आरोप शहर कांग्रेस के द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने लगाए। प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष खिजर कुरैशी, रामप्रकाश यादव,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह,शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा,सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा, धर्मेंद्र भदौरिया पिंकी, प्रवक्ता अनिल भारद्वाज, रणवीर सिंह,रामहर्ष सिंह कुशवाह , संजय भूता मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कहा नगरपालिका भ्रष्टाचार की पोषक बन गई है इसलिए उसे शहर की खराब हालत दिखाई नहीं देती।

खिजर कुरेशी और रामप्रकाश यादव ने मंहगाई पर भाजपा को घेरते हुए कहा भाजपा सरकार में लोगो का जीना मुहाल हो गया है।

वही शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा ने शहर की पार्किंग व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा आज पूरे शहर में वाहन पार्किंग के लिए कोई भी स्थान चिन्हित नही है आखिर दूर दराज से आए लोग अपना वाहन कही भी खड़ा कर देते हैं जिससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था खराब हो जाती है। साथ गर्मी को देखते हुए नगरपालिका से जगह जगह प्याऊ लगाने की मांग रखी। नालों की सफाई नही की गई जिससे मच्छरों का प्रकोप जारी है। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने





कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करतें हुए आए दिन शहर में हो रही गोली बारी की घटनाओं पर पुलिस को आड़े हाथों लिया। और बाईक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की। रामहर्ष सिंह कुशवाह और धर्मेंद्र भदौरिया ने किसानों की फसल को कम तोलने पर प्रशासन को कार्यवाही के लिए चेताया। सेवादल जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा और संजय भूता ने वार्डो में नालियों की सफाई ,और व्यापारियों को समस्याओं हेतु अवगत कराया। कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा स्मार्ट सिटी बनाने की बात करती थी स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को धोखा दिया, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट की। उन्होंने पूछा कि सरकार बताये कि स्मार्ट सिटी बनाने के लिए शहरों में क्या काम किया। अगर किया तो भिण्ड हालात बद्तर क्यों है। शहर कांग्रेस ने अपनी कार्यकारणी की सूची जारी की शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा ने अपनी 37 सदस्यीय कार्यक्रणीय घोषित कर दी जिसमे कामिल खान, अनुरुद्ध त्रिपाठी,श्रीमती सीमा अजय शर्मा ,कविता मुकेश गर्ग, श्रीकृष्ण नरवरिया,विक्रम भदौरिया, आनंद शाक्य,दर्शन तोमर,सुमन कुशवाह,सुरेंद्र नारायण शर्मा, सिन्नाम सिंह,वीर प्रकाश श्रीवास्तव,सोहन तिवारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि आशीष सोनी,अजय जैन,मनीष जैन,दीपक शर्मा, रितु जैन,धीरज जैन, रांतिदेव दीक्षित,हिमांशु जोशी,देवेंद्र जैन,श्रीमती शिवानी अमन सिंह,शैलेंद्र बंसल, श्रीमती शकीना आजाद खान को महामंत्री नियुक्त किया गया है। जबकि सत्तार अंसारी,राकेश कर्णावत,ज्योति बिधोलिया, शादत अंसारी, सुनील प्रजापति,ब्रजेश जैन, ईशाक खान गांधी,को सहसचिव तथा विपुल जैन कंप्यूटर को मीडिया प्रभारी,और गोविंद शाक्य को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पधाधिकारियों को वरिष्ठ नेताओ ने माला पहनाकर नियुक्ति पत्र सौंपा।

## संपादकीय

# कर्नाटक का ताज किसके सिर?

कर्नाटक में शानदार चुनावी जीत के बाद कांग्रेस पार्टी को अब राज्य में नये मुख्यमन्त्री के नाम का चयन करना है। यह कार्य इतना सरल दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि राज्य से भाजपा का तख्तापलट करने में जिन दो प्रादेशिक नेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उनमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री डी. के. शिवकुमार व पूर्व मुख्यमन्त्री श्री सिद्धारमैया के नाम सबसे ऊपर माने जा रहे हैं। चुनावी जीत में पार्टी संगठन से लेकर लोकप्रिय नेतृत्व की भूमिका ही प्रमुख रहती है। इस लिहाज से देखा जाये तो श्री शिवकुमार व सिद्धारमैया दोनों की ही मुख्यमन्त्री पद के लिए की जा रही दावेदारी में कोई गलत बात नहीं है। मगर इन्हीं दोनों ने राज्य में मतदान होने से पहले ही साफ कर दिया था कि वे चुनाव में कांग्रेस के विजयी होने की स्थिति में मुख्यमन्त्री बनना चाहेंगे। अतः इस विषय से कांग्रेस आलाकमान पहले से ही परिचित था। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि पार्टी आलाकमान ने इस पहेली को सुलझाने के लिए भी कोई फार्मूला पहले से ही तैयार कर रखा होगा। राज्य के चुनावी वातावरण को देखकर प्रत्येक चुनावी विशेषज्ञ पहले से ही यह अनुमान लगा चुका था कि इस बार राज्य की जनता सत्ता पलट करने जा रही है, इसलिए इसका अनुमान आलाकमान को न हो ऐसा नहीं माना जा सकता। इसकी एक वजह और भी है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे स्वयं कर्नाटक के हैं और प्रदेश की राजनीति करने का अनुभव उन्हें 40 साल से भी अधिक का रहा है। अतः वह बैंगलुरू की मिट्टी सूंघ कर ही बता सकते थे कि चुनाव में हवा किस तरफ बहेगी। वह इतने अनुभवी राजनीतिज्ञ माने जाते हैं कि कर्नाटक की जनता के मन की इच्छा का अनुमान भी भलीभांति लगा सकते हैं और अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की हसरतों का भी। श्री खड़गे जानते हैं कि राज्य में आज के समय में श्री सिद्धारमैया से बड़ा लोकप्रिय नेता कोई नहीं है। राजनीति के दांव–पेंचों में भी उनसे बड़ा खिलाड़ी कोई दूसरा नहीं माना जाता है। बेशक डी.के. शिवकुमार वर्तमान दौर की 'जमा–जोड़' राजनीति के दांव–पेंचों को जमाने में सिद्धहस्त माने जाते हों, आम जनता के बीच समग्र रूप में स्वीकार्य श्री सिद्धारमैया ही माने जाते हैं। उनका समाज के सभी सम्प्रदायों व वर्गों में एक समान रूप से सम्मान है और उनकी राजनैतिक चादर पर कोई दाग भी नहीं है। गौर से देखा जाये तो वह जमीनी नेता माने जाते हैं। कांग्रेस को आज के दौर में ऐसे नेताओं की सख्त जरूरत है जिनकी जमीनी राजनीति पर गहरी पकड़ हो। जहां तक श्री शिवकुमार का सम्बन्ध है तो वह भी पार्टी के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि संगठन को सत्ता में रहते हुए भी लगातार जीवन्त बनाये रखने की जिम्मेदारी भी कोई छोटी जिम्मेदारी नहीं होती। कांग्रेस ने राज्य में ऐतिहासिक चुनावी सफलता प्राप्त की है और 1989 के बाद से अब तक का सबसे बड़ा जनसमर्थन 43 प्रतिशत मतों से अधिक का प्राप्त किया है। यह मत प्रतिशत भाजपा द्वारा प्राप्त 36 प्रतिशत मतों से सात प्रतिशत अधिक है। जाहिर है कि राज्य के लोगों के सामने 2013 से 2018 तक श्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में चली कांग्रेस सरकार का उदाहरण भी सामने देखा था जिसे देख कर उन्होंने 2019 से 2023 तक चली भाजपा सरकारों की तुलना की होगी। अतः श्री सिद्धारमैया कर्नाटक की जनता के दिमाग में वोट डालते समय कहीं न कहीं जरूर रहे होंगे। उनकी सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त थी और खुद उनका जीवन एक खुली किताब थी। कांग्रेस ने यह चुनाव अमीर–गरीब का विमर्श खड़ा करके जीता है और जनता के समक्ष संशोधनवादी समाजवाद की वे नीतियां खड़ा करके जीता है जिन्हें लोक कल्याणकारी राज का अंग माना जाता है। इस परिभाषा में सिद्धारमैया स्वतः समाते नजर आते हैं। फिर भी मुख्यमन्त्री चुने जाने की संसदीय लोकतन्त्र में एक प्रणाली होती है जिसमें चुने हुए विधायकों की राय से ही उनका नेता चुना जाता है और फिर वही मुख्यमन्त्री की कुर्सी पर बैठता है। कांग्रेस पार्टी के भीतर लोकतान्त्रिक परंपराएं बहुत पुरानी हैं और यह उन्हीं पर आज भी चलना पसन्द करती है क्योंकि स्व. इंदिरा गांधी के कांग्रेस दौर में यह देख चुकी है कि मुख्यमन्त्री बिना विधायकों की मर्जी जाने बिना 'नियुक्त' करने का क्या हश्र होता है। अतः कांग्रेस विधायक दल की बैठक में इसके नेता का चयन करने के बाद ही नये मुख्यमन्त्री की घोषणा करेंगी और इसमें एक–दो दिन का समय लगना स्वाभाविक माना जा रहा है।

# विनम्रता और विनय माननीय व्यक्तित्व को श्रेष्ठ बनाते हैं

**संजीव ठाकुर**

*विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति नए नए विचारों का स्वागत कर उसे सीखने का प्रयास करता है परिणाम स्वरूप उसके आचार व्यवहार में निखार आने लगता है। भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम की विनम्रता ने उन्हें देश में सर्वोपरि व्यक्ति बनाया था।*

मनुष्य जीवन में सफलता पाने का सदैव प्रयास करता रहता है और यह अत्यंत आवश्यक भी है क्योंकि सफलता और सार्थकता जीवन के पर्याय जो हैं। मनुष्य मूलता लोभी तथा लालची होकर स्वार्थ से ओतप्रोत भी होता है और इसी कारण स्वार्थ के वश में यदि वह कुछ प्राप्त कर लेता है तो उसमें अहंकार की भावना भी आ जाती है। विनम्रता मनुष्य को समाजिक प्रक्रिया में उसके द्वारा ग्रहण किया गया एक विशेष गुण होता है। मनुष्य जैसे जैसे समाज और संभ्रांत लोगों के संपर्क में आता है उसमें नए गुणों का संचार होता है और अहंकार तथा लालच की भावना का विलोप होता जाता है, समाज में उसकी संरचना को मजबूत करने के लिए सहिष्णुता, सौहाद्र,करुणा और सहयोग की भावना के साथ अन्य सद्गुणों को समाहित कर वह जीवन प्रक्रिया प्रारंभ करता है। मनुष्य की इन्हीं खूबियों के समेकित स्वरूप को विनम्रता तथा सद्गुण के रूप में देखा जाता है। समाज में विनम्र व्यक्ति सदैव अपने व्यवहार के कारण लोकप्रिय, सर्वस्वीकार्य होता है उसकी बातें लोग ध्यान से सुनते भी हैं और उसको यथा योग सम्मान भी दिया जाता है। विनम्रता समाज में स्थापित लोगों द्वारा ग्रहण किया गया एक गुण होता है और यही कारण है कि कुछ व्यक्ति अपनी अज्ञानता के कारण, कुछ ना सीखने की प्रवृत्तिवश विनम्रता ग्रहण नहीं कर पाते हैं और कुएं के कूप मंडूक मेंढक की तरह व्यवहार करते हैं, समाज में स्थापित व्यक्ति अपनी विनम्रता का बखान नहीं करते, विनम्रता उनके व्यक्तित्व से झलकती है। ज्ञानी ध्यानी लोग सार्वजनिक प्रशंसा को भी साधारण सी बात समझ कर उसे स्वीकार नहीं करते हैं और अपने ज्ञान और कर्तव्य से अपने व्यक्तित्व को और आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। दार्शनिक सुकरात का ही उदाहरण लें तो वे हमेशा कहते थे कि मुझे कुछ भी ज्ञान नहीं है यह उनका महान होने का एक साधारण लक्षण था। ऐसा कहा जाता है की ज्ञानी और समृद्ध व्यक्ति अपने ज्ञान तथा समृद्धि का दंभ न भर कर उसका समुचित उपयोग समाज और देश के विकास के लिए करते हैं और मनुष्य के जीवन की आधी जंग विनम्रता और ज्ञान की सदाशयता से विजीत की जा सकती है। ज्ञान और नम्रता उपलब्धि सार्वजनिक हित के बिना निरर्थक है। फलों से लगा हुआ पेड़ जिस तरह झुक जाता है उसी तरह महान ज्ञानी व्यक्ति अपनी विनम्रता से और समाज उपयोगी हो जाता है। कुल मिलाकर विनम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारती है और उसके व्यवहार में चार चांद लगाने का काम भी करती है। इसके विपरीत अज्ञानी व्यक्ति विचारों की स्वीकार्यता नगण्य होती है वह कुछ सीखता नहीं चाहता और समाज में तिरस्कार खेलने का प्रमुख अवयव बन जाता है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति नए नए विचारों का स्वागत कर उसे सीखने का प्रयास करता है परिणाम स्वरूप उसके आचार व्यवहार में निखार आने लगता है। भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम की विनम्रता ने उन्हें देश में सर्वोपरि व्यक्ति बनाया था। और आपको यह बता दें कि ज्ञान प्राप्त करने वाला व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडार ही नहीं होता बल्कि वह विनयशील भी हो जाता है और उसकी यह विनय शीलता उसे समाज में प्रमुख स्थान दिलवाती है। मनुष्य के जीवन में आती कठिनाइयों तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य की विनम्रता, साहस, उच्च मनोबल और विनय शीलता हमेशा विजयी बनाती है। विनम्रता मनुष्य में किसी भी पद के लिए स्वीकार्यता प्राप्त करने की ऊर्जा शक्ति प्रदान करती है, वह उच्च पद को प्राप्त भी कर लेता है वह समाज में योग्यता हेतु एक स्वीकार्य व्यक्तित्व बन जाता है और लोग उसका अनुकरण अनुसरण करते हैं। विनयशीलता एवं विनम्रता ही व्यक्तित्व को बहुत ऊंचा और ऊंचा करने में सहायक है, विनम्रता से यह बात तो निश्चित है की अहंकार और घमंड बहुत दूर हो जाते हैं और व्यक्ति सरल सीधा और ज्ञान की पराकाष्ठा को प्राप्त कर लेता है, ज्ञानी व्यक्ति समाज में सदैव पूजनीय होते हैं। ज्ञानी और विनम्र व्यक्ति सदैव आत्म संतुष्टि को प्राप्त करता है। विनम्रता मनुष्य के जीवन में उसे सदैव अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है और वज्ञान के प्रति उसकी आकांक्षा प्रबल होती रहती है। यह तो सर्वविदित है कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए उम्र कभी बाधा नहीं रही है। ऐसा समाज में अक्सर देखा गया है कि विनम्रता से ओतप्रोत व्यक्तित्व नेतृत्व करने की क्षमता वाला होता है और अपने विचार सुविचार को समाज में जनमानस को जबरिया थोपने की बजाए उन्हें अपने सुझाव से युक्त कर समस्याओं से जूझने के लिए परिपक्व एवं मजबूत बनाता है। महात्मा गांधी जी ने स्वतंत्रता के आंदोलन में सत्य और अहिंसा को अपना साधन घोषित करते हुए जनमानस के साथ इसी अस्त्र को लेकर देश की स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह भी सत्य है की सत्य अहिंसा विनम्र तथा विनय शील व्यक्ति के बड़े ही प्रभावी तथा महत्वपूर्ण गुण तथा अंग होते हैं। विनम्र और विनय शील व्यक्ति के साथ व्यक्तित्व को लेकर कोई भ्रम अशांति अथवा संशय नहीं रहता है क्योंकि उनके साथ ना किसी की प्रति श्रद्धा न द्वेष ना ईर्ष्या ही होती है, वह इन सब से दूर रहकर समाज तथा देश के विकास के चिंतन में लगे होते हैं, विनम्रता को कमजोरी समझने का मुगालता नहीं पालना चाहिए क्योंकि विनम्र व्यक्ति कुछ क्षण के लिए कमजोर जरूर हो सकता है पर उसकी मानसिक दृढ़ता और मनोबल के कारण वह व्यापक और कठोर निर्णय लेकर बड़े से बड़े अवरोध को अपने तथा समाज के लिए दूर कर सकता है यही कारण है कि गांधी जी ने विनम्रता सत्य अहिंसा के साथ अंग्रेजों को देश से भगा कर देश को स्वतंत्रता दिलवाई थी। यह भारतीय संस्कृति तथा भारतीय जनमानस की सहिष्णुता और विनम्रता ही है जिसके फलस्वरूप वह हजारों वर्ष से निरंतर नश्वर बनी हुई है। अहंकार ,घमंड, अस्थाई क्षणभंगुर होते हैं और विनम्रता विनय शीलता जीवन में आने वाले विघ्न खुद–ब–खुद खत्म हो जाते हैं। किसी भी राष्ट्र संस्कृति और समाज को शास्वत स्थापित रहने के लिए उसे विनम्र ,सहिष्णु और सदाशयी होने की आवश्यकता होती है। कुल मिलाकर व्यक्तित्व समाज तथा देश के लिए विनम्रता सहिष्णुता सदैव महान अवयव होते हैं।

# कर्नाटक से कांग्रेस के लिए सबक

कांग्रेस खुश है। पार्टी कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। भावी जीत के सपने देखने शुरु हो चुके हैं और 2024 में राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे बयान भी आने लगे हैं। चुनाव दर चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में निराशा छाने लगी थी। उसके कई बड़े–छोटे नेता पार्टी छोड़कर वैसे ही चले गए, जैसे डूबते जहाज से चूहे निकल कर भागते हैं। सत्ता सुख और पद की लालसा में बहुत से नेताओं ने भाजपा के भगवा गमछे को ओढ़ लिया। ऐसे ही नेताओं के कारण आज की राजनीति में विचारधारा अप्रासंगिक बना दी गई है। लेकिन कर्नाटक चुनाव में जनता ने साबित कर दिया कि लोकतंत्र में विचारधारा की कितनी प्रासंगिकता और महत्व है। भाजपा ने हिजाब विवाद, हलाल, बीफ पर प्रतिबंध को पहले मुद्दा बनाया, जो चुनाव के आखिर तक बजरंग बली की जय तक पहुंच गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सारी मर्यादा तक पर रखते हुए लोगों से बजरंग बली की जय बोल कर वोट देने कहा, और चुनाव आयोग को इसमें कुछ गलत भी नहीं दिखा। बजरंग बली की जय के जवाब में अगर दूसरे धार्मिक नारों को उछाला जाता तो क्या हालात नहीं बिगड़ते। गनीमत रही कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा नेताओं की धमकियों और घुड़कियों के बावजूद कर्नाटक में माहौल शांत और सद्भावपूर्ण है। केरल स्टोरी का जवाब कर्नाटक स्टोरी के रूप में देश के सामने आ चुका है कि नफरत और झूठ का कारोबार अधिक वक्त तक नहीं चल सकता। नफरती कारोबार के शेयर पिछले 9 सालों में देश में खूब बढ़े हैं, लेकिन राहुल गांधी ने इस दुकान के शटर गिराने में काफी हद तक सफलता प्राप्त कर ली है। कर्नाटक चुनाव में जीत का सेहरा कांग्रेस की प्रदेश इकाई, स्थानीय कार्यकर्ताओं, नेताओं और केन्द्रीय नेतृत्व को जाता है। लेकिन राहुल गांधी इस जीत की भूमिका अक्टूबर 2022 में ही बांध चुके थे, जब भारत जोड़ो यात्रा लेकर वे इस राज्य में पहुंचे थे और करीब 21 दिनों में 7 जिलों से होते हुए 5 सौ किमी का सफर किया था। अब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने खुलासा किया है कि जिन जिलों से श्री गांधी की यात्रा गुजरी उन जिलों की 15 सीटें कांग्रेस ने जीती हैं। जबकि पिछली बार यानी 2018 में कांग्रेस के पास इन जिलों की केवल 5 सीटें थीं। कांग्रेस की इस जीत का श्रेय निर्विवाद तौर पर राहुल गांधी को जाता है। क्योंकि उन्होंने जनता के बीच जाकर पार्टी की पकड़ मजबूत की। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने कोई जुमलेबाजी नहीं की, हवा–हवाई दावे नहीं किए। लोगों के बीच, उन्हीं के अपने बन कर रहे। उनकी समस्याओं और दुखों को साझा किया। गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई ये तो आम समस्याएं हैं, जो सभी को नजर आती हैं। राहुल गांधी ने इससे आगे बढ़कर महिलाओं के संघर्षों को समझा, सुरक्षा बलों में शामिल जवानों के परिजनों की पीड़ा को महसूस किया, युवाओं की कुंठा को अभिव्यक्त होने दिया। यानी हर तरह से राहुल गांधी आम लोगों से जुड़ते रहे और उसी का प्रतिफल कर्नाटक चुनाव की जीत में नजर आता है। राहुल गांधी के कारण जगह–जगह पर कांग्रेस के बड़े नेता भी जमीन पर उतरे और



लोगों के बीच गए। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस जब अपने स्तर पर संघर्ष कर रही थी, तो गांधीजी ने इस बात को पहचाना था कि कांग्रेस का अभिजात्य चोला उसे आम जनता से जोड़ नहीं पाता है, ऐसे में ब्रिटिश शासन के खिलाफ हर लड़ाई अधूरी और अनिर्णायक रहेगी। तब गांधीजी ने अपने प्रयासों से कांग्रेस को आम लोगों से जोड़ा और अपनी लड़ाई में महिलाओं को भी प्रथम पंक्ति में लिया। अब यही काम राहुल गांधी ने किया है। 10 साल के यूपीए शासनकाल में कांग्रेस और आम जनता के बीच दूरी आ गई थी, जिसका फायदा भाजपा ने उठाया और खाली स्थान को अपनी सत्ता बनाने में इस्तेमाल किया।

यूपीए शासन के दौरान मनरेगा, मध्याह्न भोजन, सूचना का अधिकार जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया, इसके बावजूद जनता के बीच कांग्रेस की पैठ कम होती गई। क्योंकि कई कांग्रेस नेताओं पर सत्ता का दंभ चढ़ गया था। जिसकी वजह से वे जनता से कटते गए। इसका नुकसान सबसे अधिक 2014 में हुआ, जब कांग्रेस अपने अच्छे कामों के बावजूद जनता के बीच विश्वसनीयता कायम नहीं रख पाई। भाजपा झूठे वादों, जुमलेबाजी, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद के उन्माद और मीडिया की मदद से सत्ता पर आ गई, इसके बाद कई चुनावों में कांग्रेस की हार हुई। कहीं हार नहीं भी हुई, तो बड़ी पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस ढीले–ढाले रवैये के कारण सत्ता बनाने से चूक गई। गोवा इसका बड़ा प्रमाण है। कर्नाटक चुनाव और उससे पहले हिमाचल प्रदेश के चुनाव में कांग्रेस ने ऐसी कोई गलती नहीं की। प्रियंका गांधी ने दोनों राज्यों में प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई, इसके अलावा स्थानीय नेताओं को साथ लेकर पार्टी ने काम किया। लोगों की जरूरतों को पहचान कर उस हिसाब से चुनावी रणनीति बनाई और इसका लाभ कांग्रेस को मिला। अब जल्द ही मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हैं, फिर अगले साल कुछ और विधानसभा चुनाव होने हैं। इन सबमें कांग्रेस को ऐसी ही मेहनत, रणनीति और जनता से जुड़ाव की जरूरत होगी। एक–दो जीत के कारण अगर पार्टी नेताओं पर गुरूर चढ़ा कि हमने तो भाजपा का किला दरका दिया या मोदी लहर को रोक दिया, तो कांग्रेस को इसका नुकसान भी हो सकता है। वैसे भी विधानसभा चुनावों का असर लोकसभा चुनाव पर पड़े, यह जरूरी नहीं है। 2018 में हिंदी पट्टी के तीन राज्य जीतने के बावजूद कांग्रेस 2019 के आम चुनाव नहीं जीत पाई थी। सफलता तो तभी मिलेगी, जब नगरीय निकायों से लेकर, विधानसभा और आम चुनाव तक हर मुकाबले को पूरी शिद्दत से लड़ा जाए, जीतने की सारी कोशिश की जाए। कर्नाटक में इसी जज्बे ने कांग्रेस को जीत दिलाई, यह जज्बा अब आगे बरकरार रहना चाहिए।

# अरावली पर सख्ती

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील अरावली क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने के प्रयासों में शिथिलता के चलते एक बार फिर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी ने तल्खी दिखायी है। निस्संदेह, हरियाणा सरकार की आलोचना के मूल में चिंता बढ़ाने वाली चूकों की लंबी शृंखला शामिल है। दरअसल, प्राधिकरण का मानना है कि कई गंभीर मामलों में कानूनी बाध्यता के बावजूद प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई। वहीं दूसरी ओर कई मामलों में जांच–पड़ताल लंबे समय से लंबित रही है। इतना ही नहीं, कई मामलों में कानून के प्रासंगिक प्रावधान प्राथमिकी और चार्जशीट में नहीं जोड़े गये हैं। विडंबना ही है कि अवैध खनन व परिवहन से संबंधित सात आपराधिक मामलों में आरोपी बरी हो गये। निस्संदेह, यह घटनाक्रम बताता है कि अवैध खनन रोकने की दिशा में कारगर कदम नहीं उठाये गये हैं। कह सकते हैं कि जिम्मेदार अधिकारियों की अक्षमता, पर्याप्त प्रशिक्षण का अभाव व कदाचार के बीच लापरवाही के चलते कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं हो पाया है। इन मामलों में निष्क्रियता का उल्लेख एनजीटी ने किया भी है। विगत में भी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तंत्र की उदासीनता की ओर ध्यान दिला चुका है और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर चुका है। कह सकते हैं कि एनजीटी की हालिया टिप्पणी राज्य सरकार के उन दावों की हकीकत पर सवाल उठाती है जिसको लेकर राज्य सरकारें मामले में सक्रिय होने का दावा करती रही हैं। यही वजह है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल इस मामले में सख्त टिप्पणी करता रहा है।बहरहाल, इस समस्या का गाहे–बगाहे उजागर होना दर्शाता है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई के लिये प्रशासनिक व राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी रही है। दरअसल,अरावली क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद स्टोन क्रशर और स्क्रीनिंग प्लांट्स की गतिविधियां चिंता बढ़ाने वाली बतायी जाती हैं, जिसके बाबत एनजीटी ने जानकारी मांगी है। अरावली क्षेत्र में खनिजों की खरीद, उन्हें ले जाने वाले वाहनों के लिये स्थापित चेकपोस्टों की संख्या, जीपीएस आदि आधुनिक तकनीकों समेत निगरानी तंत्र के बाबत राज्य सरकार से हलफनामा मांगा गया है। साथ ही हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कहा गया है कि वह पर्यावरण क्षतिपूर्ति व अवैध खनन रोकने के लिये एकत्र किये गये जुर्माने के उपयोग से भूमि को मूल अवस्था में लाने तथा पुनर्वास करने के लिये एक कार्य योजना प्रस्तुत करे । निस्संदेह, इस जटिल होती समस्या के स्थायी समाधान के लिये एक स्वतंत्र अरावली संरक्षण प्राधिकरण स्थापित करने पर विचार करने की जरूरत महसूस की जा रही है।




# शहर के विकास के प्रति संकल्पित हूं : विधायक संजीव सिंह

## विधायक ने वार्ड क्रमांक 6 में 66 लाख की लागत से सीसी रोड नाला कार्य का भूमि पूजन किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भाजपा विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने शहर के वार्ड क्रमांक 6 में 66 लाख की लागत से सैनिक कॉलोनी से लश्कर रोड की पुलिया तक निर्मित होने जा रहे सीसी नाला निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। उन्होंने आधारशिला का पूजन करते हुए यह सौगात जनता को समर्पित की। इसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा अमित बाल्मिक द्वारा की गई।

इस अवसर पर विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजीव ने कहा कि भिण्ड के समग्र विकास के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित हूं विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण शहरी अंचलों में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं शहर वासियों ने मुझे जो कार्य सौंपा है मैं उसे पूर तत्परता और निष्ठा से पूर्ण करने के कटिबद्ध हूं। विधायक कुशवाहा ने कहा केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा मैं यह वचन देता हूं और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सबके लिए कार्य कर रहे हैं सबका साथ सबका विश्वास सबका कल्याण और सबका विकास ही भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में प्राथमिकता है। विधायक श्री कुशवाह ने निर्माण कार्य के लिए संबंधित इंजीनियर ठेकेदारों से गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और अच्छा सा अच्छा मटेरियल लगाकर इस कार्य को पूर्ण किया जाए। विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मिक ने भी संबोधित किया इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह एडवोकेट, स्थानीय पार्षद दीपक शर्मा, नगर पालिका सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, ठेकेदार अजीत सिंह कुशवाह,पूर्व नगर अध्यक्ष पवन जैन अशोक बाल्मिक,अजीत सिंह भदौरिया एवं वार्ड वासी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# गोहद के चक शेरपुर में एनआईए का छापा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। गोहद अनुविभाग के एडोरी थानाक्षेत्र के चक शेरपुर गांव में एनआईए की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से सुबह 4बजे जितेन्दर पुत्र नरेंदर सिंह सरन उम्र 28 वर्ष के घर धावा बोल दिया और करीब 3घण्टे तक घर की गहन तलाशी ली गई तथा घर के सभी सदस्यों को एक साथ बैठाकर उनके मोबाइल अपने कब्जे में ले लिए लगभग चार घण्टे तक की तलाशी के बाद उन्होंने जितेंदर को अपने साथ बिठाकर एडोरी थाने लेकर आये यहां भी पांच घण्टे तक गहन पूछताछ की गई जिसमें जितेंदर के बैंक एकाउंट से हुए लेनदेन की जानकारी ली गई जितेन्दर के बैंक एकाउंट से पंजाब के चंडीगढ़ व फिलीपींस के मनीला से भी बैंक खाते में पैसे डाले गए थे फिलहाल एनआईए की दिल्ली से पहुची टीम ने पूछताछ के बाद जितेंदर को छोड़ दिया है और दो चार दिन में चंडीगढ़ आने को बोला है।



एंडोरी थानाक्षेत्र के चक शेरपुर गांव के निवासी नरेंदर सिंह के द्वारा बताया गया के उनका लड़का जितेन्दर सिंह गोहद चौराहा स्थित स्वराज टैक्टर एंजेसी पर कार्य करता है और वह ड्राइवर है साथ ही परिवार के सदस्य फिलीपींस में निवास करते है तथा ट्रेक्टर एजेंसी के पंजाब स्थित कार्यालय से भी ट्रैक्टर एजेंसी के लेनदेन के पैसे जितेन्दर के खते में कई बार पैसे भेजे गए है इसके अलावा फिलीपींस से जितेंदर के ताऊ करनैल सिंह के लड़के देवेंदर सिंह के द्वारा भी खाते में पैसे भेजे जाते है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैंक खातों में विदेशी मुद्रा का बड़ा लेनदेन होने के कारण पूछताछ करने एनआईए की टीम चक शेरपुर गांव पहुंची तथा एनआईए की टीम ने बैंक खातों में पैसा कहां से आया और क्यो आया इसकी जानकारी जितेंदर से पूछताछ के दौरान ली गई, जितेन्दर ने बैंक अकाउंट से हुए सभी लेनदेन की जानकारी एनआईए की टीम दी है परन्तु पचास हजार रुपये के लेनदेन की जानकारी वह नही दे सका। वर्जन - मेरे घर पर सुबह एनआईए की टीम पहुची और उन्होंने मेरे घर की तलाशी लेकर मेरे लड़के को हिरासत में लेकर पूछताछ कि है उनका कहना कि मेरे लड़के के बैंक खातों से विदेशी मुद्रा का लेनदेन हुआ है मेरे भतीजे फिलीपींस में रहते है और वहाँ से खर्चे के लिए पैसे भेजते रहते हैं।

**इनका कहना है**

2 मुजसे पूछताछ में बैंक एकाउंट की जानकारी चाही गई जिसे मेने अवगत करा दिया उन्होंने मेरा मोबाइल अपने पास रख लिया है तथा चंडीगढ़ आने को कहा है।

**जितेन्दर सिंह**

## मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वतीय चरण की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान द्वितीय चरण की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर कक्ष में एडीएम जेपी सैयाम, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, एसडीएम मेहगांव वरुण अवस्थी एवं वर्चुअल माध्यम से समस्त संबंधित जिला अधिकारीगण एवं विकासखंड अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक किरीट पटेल ने भीषण गर्मी में अकेले हाथ से काम कर रही महिलाकी मदद की, वीडियो हुआ वायरल

**पाटन ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**



इंसानियत की खुशबू फैला रहे विधायक किरीट पटेल का गर्मी में अकेले हाथ से गन्ने से रस निकालकर अपना गुजरान चला रही महिला की मदद करने का वीडियो वायरल हुआ है। किरीट पटेल ने खुद गन्ने का रस निकालकर महिला की मदद की।पाटन के साथ-साथ गुजरात की जनता ने भी किरीट पटेल के इस नेक काम की सराहना कर व्हाट्सएप स्टेटस में वीडियो पोस्ट किया है। किरीट पटेल कई अच्छे कार्यों के लिए जाने जाते हैं और पाटन की जनता उनके मानवीय कार्यों से अवगत है। आज उनका एक ओर अच्छा काम देखकर सभी लोग सराहाना कर रहे है।



## एमजेएस ग्राउंड में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में भिण्ड जिले के एमजेएस ग्राउंड में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के 12 वे दिन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार खरपुसे के द्वारा निरीक्षण कर बच्चों का हौसला अफजाई किया गया। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि मन लगाकर खेलें, स्वस्थ रहें और राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन करें। खेल विभाग के श्री रामबाबू कुशवाहा, जिला खेल प्रशिक्षक श्री संजय पंकज द्वारा बताया गया कि जिला स्तर पर 7 गेम रखे गए हैं जिसमें कराटे, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक, हैंडबॉल एवं ब्लॉक स्तर पर 2 गेम का आयोजन किया गया है जिसमें बालक, बालिका एवं खिलाडी भाग ले सकते हैं। यह शिविर सुबह 6 से 8 बजे तक किया जा रहा है जिसमें 6 वर्ष से 22 वर्ष तक के सभी बालक एवं बालिका प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते हैं। 6 मई से 5 जून 2023 तक कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रमोद गुप्ता, साधना तोमर, चेतन, देव भदौरिया, हिमांशु दिवाकर, मोहनी करण, भारतीय भदौरिया, मुनेंद्र, बृजबाला यादव आदि प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## खरगोन जिले के ऊन थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही ग्राम लिक्की अवली के बिच एल्यूमीनियम तार काटते हुए 5 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**



टांडा बरूड़ निप्र खरगोन जिले का थाना ऊन क्षेत्र के ग्राम लिक्की अवली के बिच में बिजली के एल्यूमीनियम तार काटते हुए 5 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा गया मुखबिर द्वारा सुचना प्राप्त हुई की कुछ लोग एल्यूमीनियम तार काटते दिखाई दे रहे हैं ऐसी सुचना ऊन थाना पुलिस को मिली मुखबिर के द्वारा सुचना ऊन थाना प्रभारी लक्ष्मन सिंह लौवंशी उनकी पुलिस टिम मुखबिर के बताये गये स्थान पर पहुंच कर अपनी पुलिस टिम द्वारा दबिश दी गई है जो एल्यूमीनियम तार काटते हुए 05 आरोपी को पकड़कर पुलिस थाने लाया गया ओर पुछताछ किया गया जिसके कब्जे से 20 किलो की पांच थैली जप्त किया गया कुल 01 किवंटल एल्यूमीनियम तार जप्त किया गया 05 आरोपियों को पुलिस द्वारा ऊन अस्पताल में आज मेडिकल कराया गया ओर आज खरगोन न्यायालय पेश किया जाएगा आरोपियों के नाम इस प्रकार है गौरी शंकर पिता मथुरा लाल उम्र 32 साल निवासी इच्छापुर रविन्द्र पिता देवी सिंग चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी बिरोटी राजा पिता बालाराम जाती छीरवी निवासी बिरोटी उम्र 25 वर्ष विजय पिता नाहर सिंग जाती कोली उम्र 25 वर्ष निवासी बिरोटी ऊन थाना प्रभारी लक्ष्मन सिंह लौवंशी लगातार अपने थाना क्षेत्र चोरियां पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में मंगलवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई को जागरूक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा लोगों को मच्छर से फैलाने वाली बीमारी के बारे जागरूक किया गया उन्होंने बताया कि डेंगू की समय पर जांच, उपचार एवं सावधानियां आपको डेंगू और चिकनगुनिया से बचा सकते हैं। उन्होंने डेंगू के लक्षण बताएं लक्षणों में तेज बुखार, आँखों के पीछे एवं मांसपेशियों और सिर में तेज दर्द, मसूड़ों व नाक से खून बहना, शरीर पर लाल चकत्ते होना। डेंगू एवं चिकनगुनिया का वाहक एडीज मच्छर रूके हुए साफ पानी में पैदा होता है और दिन के समय काटता है। पुरी बाँह के कपड़े पहनें तथा पानी को जमा न होने दें, घरों के आस-पास सफाई रखें, कूलर का पानी सप्ताह में एक बार खाली कर, सुखा कर, नया पानी भरें। दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू से बचाव के लिए उपचार भी बताए गए। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षण पाए जाने पर शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क खून की जांच कराएं, जांच में डेंगू या चिकनगुनिया पाये जाने पर डॉक्टर की सलाह अनुसार पूरा उपचार लें। चिकनगुनिया के लक्षण भी शिविर में बताए गए जिसमें तेज बुखार, सिर दर्द जोड़ों में असामान्य दर्द शरीर पर लाल चकत्ते आना आदि। जागरुकता शिविर में डॉक्टर विक्रम मिलन, डॉक्टर प्रांजल सिंह, बीसीएम राघवेन्द्र सिंह राजावत,मलेरिया स्पैक्टर श्री कृष्ण, नर्सिंग आफीसर लेखा श्रीवास्तव, प्रेमलता गुप्ता, रेडियोग्राफर रवि जोशी, लैब टेक्नीशियन लोकरंजन श्रीवास्तव, उमेश, प्रमोद श्रीवास्तव, राजू इत्यादि स्टाफ मौजूद रहा।



**डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव-** पानी के बर्तन ढंककर रखें, अनुपोगी सामग्री जैसे कूलर, ड्रम, टंकी, बाल्टी आदि में पानी जमा न होने दें, दोबारा उपयोग से पहले उन्हें अच्छी तरह सुखऐं हैण्डपम्प के आस-पास भी पानी इकट्ठा न होने दें। जमा पानी पर मिट्टी का तेल या इंजन का जला हुआ तेल डालें। आस-पास सफाई रखें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें।

## गर्मी से राहत दिलाता है शीतकारी प्राणायाम
### जिला योग प्रभारी चाकणकर ने किया समर कैंप का अवलोकन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**



**ग्वालियर।** गर्मी के मौसम मे हीट स्ट्रोक, सनबर्न और निर्जलीकरण जैसी समस्याएं होती हैं। ऐसे में खुद को गर्मी से बचाने और शरीर को ठंडा रखने के लिए शीतली प्राणायाम का सहारा लिया जा सकता है। शीतली प्राणायाम और शीतकारी प्राणायाम से पित्त दोष से उत्पन्न होने वाले अनेक रोगों -भूख-प्यास ना लगना, लू लग जाना, मुंह सुखना, बेचैनी घबराहट, वायु गोला तथा अफरा आदि में लाभ होता है। इसके द्वारा उच्च रक्तचाप से भी मुक्ति मिल जाती है यह प्राणायाम कफ रोगी वालों के लिए हितकर नहीं है। ये प्राणायाम योगाभ्यास के बाद करना चाहिए। उपरोक्त उदगार जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने शासकीय उमावि बालक थाटीपुर तथा शासकीय उमावि उत्कृष्ट मुरार में आयोजित समर कैंप में योगाभ्यास के दौरान कहे। श्री चाकणकर ने कहा कि शीतली प्राणायाम मस्तिष्क में होने वाले उथल-पुथल को दूर कर दिमाग को शांत रखता है तथा भावनात्मक उत्तेजना और मन की चंचलता कम करता है।पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है।दिल के रोगों से बचाने में मदद करता है। इससे पूर्व विकासखंड योग प्रभारी गोविंद मेहरोत्रा ने कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इस अवसर पर प्राचार्य के पी नायक, प्रबुद्ध गर्ग, योग क्लब प्रभारी डीपीएस बघेल, रवि भदौरिया, क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप शर्मा तथा हाईस्कूल के प्राचार्य मनोज गुप्ता भी उपस्थित थे।

# धर्मगुरु दीवान माधवसिंह जी एवं संत योगेशजी महाराज के कर कमलों से हुआ माधवश्री प्रसादम का लोकार्पण





**पुष्पाजंली टुडे**

कुक्षी। मध्यप्रदेश धर्मगुरु दीवान साहब माधवसिंह जी एवं संत योगेश जी महाराज बालीपुर धाम के कर कमलो से बुधवार सुबह सिर्वी समाज सकल पंचो की मौजूदगी मे नवनिर्मित माधवश्री प्रसादम मांगलिक भवन का लोकार्पण हुआ।जेसे ही धर्मगुरु दीवान साहब ने रिमोट का बटन दबाकर शिलालेख से पर्दा हटाया परिसर जयकारे से गुंजायमान हो गया। यज्ञाचार्य शास्त्री कैलाशचन्द्र शर्मा एवं उप यज्ञाचार्य घनश्याम चाष्टा ने मंत्रोच्चार के साथ दीवान साहब व संत श्री को मांगलिक भवन मे भ्रमण करवाया तथा कन्या पूजन कार्यक्रम संतो के सानिध्य मे सम्पन्न हुआ। धर्मगुरु दीवान माधवसिंह जी ने माधवश्री प्रसादम मे उपस्थित जनो को सम्बोधित करते हुए सहस्त्र चण्डी यज्ञ का पौराणिक महत्व व इसके लाभ बताये। दीवान साहब व संत श्री योगेश जी महाराज के सानिध्य मे महायज्ञ हवन

### सहस्त्र चण्डी महायज्ञ की हुई पूर्णाहुति

की पूर्णाहुति मुख्य यजमान किशोर गेहलोत परिवार हाथो वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई ।रात्रिकालीन कार्यक्रम मे धर्मगुरु के साथ मंचासीन अतिथि संत श्री योगेश महाराज, बन्टी महाराज,पूर्व कैबिनेट मंत्री रंजना बघेल,पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक सुरेंद्रसिंह बघेल हनी,पूर्व विधायक मुकामसिंह किराड़े, भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष रेलम चौहान,अखिल भारतीय सिर्वी महासभा पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहरलाल मुकाती,महिला संगठन प्रांतीय अध्यक्ष अनिता चोयल,महासचिव डाँक्टर जया मुकाती,जिलाध्यक्ष ललिता पंवार, धार निमाड़ जिलाध्यक्ष राधेश्याम मुकाती,तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र शिन्दे,युवा संगठन जिलाध्यक्ष नरेन्द्र देवड़ा एवं सिर्वी समाज सकल पंच अध्यक्ष कान्तिलाल गेहलोत,वरिष्ठ पंच गोमाजी सेप्टा,बाबूलाल मुलेवा रमेश काग,बाबुलाल गेहलोत,कैलाश काग, मंगाजी बर्फा ने आई माताजी का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सर्वप्रथम नन्ही बालिका आराध्या जगदीश सेप्टा ने आईजी चालीसा का पाठ किया इससे प्रभावित संत श्री ने बालिका को पारितोषिक उपहार प्रदान किया ।मंचासीन अतिथियो का पुष्प माला से स्वागत किया गया।स्वागत भाषण प्रांतीय महासचिव कान्तिलाल गेहलोत ने देते हुए मांगलिक भवन के प्रारंभ से उद्घाटन तक की जानकारी प्रस्तुत की। मंचासीन अतिथियो ने माधवश्री प्रसादम की भव्यता के लिए सिर्वी समाज की प्रशंसा कर अपने विचार प्रकट किये।अतिथियो को सकल पंच समिति ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संचालन प्रान्तीय शिक्षा सचिव नरेन्द्र सिर्वी ने किया व आभार रघु भायल ने माना सप्तदिवसीय महोत्सव मे भोजन प्रसादी के लाभार्थी क्रमशःमंजूबाई धन्नाजी राठौर,सीताराम केशाजी परिहार,शंकरलाल उँकारजी लछेटा, जीजीसा-1,सुनिल गोमाजी परिहार,तरूण मोतीलाल राठौर, हीरालाल रतनजी राठौर परिवार रहे।उक्त जानकारी प्रांतीय मीडिया प्रभारी हीरालाल सिर्वी ने दी।

## बेन स्टोक्स के लिए सीजन खत्म, लौट जाएंगे स्वदेश

**नई दिल्ली।** फिटनेस की समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स चेन्नई सुपर किंग्स के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अंतिम लीग मैच के बाद स्वदेश लौट जाएंगे ताकि उन्हें अगले महीने से शुरू हो रही एशेज श्रृंखला की तैयारियों के लिए



पर्याप्त समय मिल सके। 31 वर्षीय आलराउंडर को चेन्नई सुपर किंग्स ने दिसंबर 2022 की नीलामी में 16.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह चेन्नई की तरफ से केवल दो मैचों में खेल पाए जिसमें उन्होंने सात और आठ रन बनाए। उन्होंने केवल एक ओवर किया जिसमें 18 रन दिए।

स्टोक्स शाम को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले अंतिम लीग मैच के बाद ब्रिटेन लौट जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला 16 जून से शुरू होगी। इंग्लैंड एशेज की तैयारियों के सिलसिले में एक जून से आयरलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में एकमात्र टेस्ट मैच भी खेलेगा।

## मैंने उसे कहा था- मैं तुम्हें छक्का मारूंगा, शुभमन गिल ने शतक बनाकर सुनाया किस्सा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के मैदान पर एकबार फिर से शुभमन गिल ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए शतकीय पारी खेली। शुभमन ने 57 गेंदों में 13 चौके और एक छक्के की मदद से 101 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच बने शुभमन गिल ने पोस्ट मैच




प्रेजेंटेशन के दौरान मैच का किस्सा भी शेयर किया।दरअसल, हैदराबाद के ऑलराऊंडर अभिषेक शर्मा के साथ शुभमन गिल घरेलू टी-20 टूर्नामैंट में पंजाब के लिए ओपनिंग करते हैं। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती है। शुभमन ने कहा कि पूरे मैच में अभिषेक शर्मा का लगाया छक्का मेरे लिए सबसे सुखद रहा। मैंने उससे कहा कि अगर तुम मुझे गेंदबाजी करोगे तो मैं तुम्हें छक्का मारूंगा।

शुभमन ने इस दौरान अपने पहले शतक पर भी बात की। उन्होंने कहा-मैंने हैदराबाद के खिलाफ अपना डैब्यू किया था और उनके खिलाफ ही पहला शतक जमाया। यह खास है। उम्मीद है- आगे बहुत कुछ आएगा। यह सब गेंदबाजों और स्थिति के बारे में है और मैं अपनी आखिरी पारी पर ज्यादा ध्यान नहीं देता। सामने की स्थिति पर ध्यान देना जरूरी है।

## बार्सिलोना ने 80,000 प्रशंसकों के साथ मनाया जीत का जश्न

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना की स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में पुरुष और महिला टीमों के खिताब जीतने का जश्न मनाने के लिए लगभग 80,000 प्रशंसक यहां सड़कों पर उतर आए। बार्सिलोना की पुरुष टीम ने रविवार को एस्पेनियोल को 4-2 से हराकर 2019 के बाद स्पेनिश लीग में अपना पहला खिताब सुनिश्चित किया। लियोनेल मेसी के बार्सिलोना छोड़ने के बाद यह पहला अवसर है जबकि टीम ने ला लीगा का खिताब जीता है। बार्सिलोना की महिला टीम दो सप्ताह पहले ही खिताब अपने नाम सुनिश्चित कर चुकी थी।

## एशिया पेसिफिक मास्टर गेम्स में किशन ने जीते तीन गोल्ड मेडल

**कुल्लू।** एशिया पैसिफिक मास्टर गेम्स-2023 में लगातार हो रही भारत की जीत ने देश का गौरव बढ़ाया है। वहीं कुल्लू और लाहौल का भी नाम विश्व भर में चमका है। भारत के एथलीट किशन लाल दो गोल्ड मेडल हासिल कर चुके हैं। भारत ने मंगलवार को फिर ट्रिपल जंप में सोना जीता है। भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलीट किशन लाल ने फिर कमाल कर दिखाया।

ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में 16 देशों को पछाड़ते हुए लाहुल-स्पीति जिला के मास्टर्स एथलीट किशन लाल ने प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल भारत की झोली में डाला। ट्रिपल जंप में जापान दूसरे स्थान पर रहा जबकि चीन तीसरे स्थान पर रहा।

पांच दिनों के भीतर तीन प्रतियोगिता में किशन लाल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और तीनों में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीते। 12 मई को डिस्कस थ्रो, 15 मई को जैवलिन थ्रो और 16 मई को ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में भाग लिया और



गोल्ड मेडल हासिल किए। लाहुल स्पीति के किशन लाल भारत का नाम दुनिया भर में रोशन किया है।

किशन लाल ने साउथ कोरिया में एशिया पैरिफिक मास्टर गेम्स की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में भारत का प्रतिनधित्व करते हुए तीन गोल्ड जीते हैं। बता दें कि हिमाचल के लाहुल-स्पीति और कुल्लू से संबंध रखने वाले अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स खिलाड़ी किशन लाल ने एशिया पैरिफिक मास्टर गेम्स में दमदार प्रदर्शन किया है। 23 मई को किशन लाल साउथ कोरिया से वापिस घर लौटेंगे।

यहां पहुंचने पर उनका मास्टर्स गेम्स खिलाड़ी स्वागत करेंगे। किशन लाल ने बताया कि उन्हें भारत और हिमाचल के साथ लाहुल-स्पीति व कुल्लू के अपने लोगों के आशीर्वाद से यह कामयाबी हासिल हुई है।

## आईपीएलः सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2023 के 62वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 34 रन से हरा दिया है। इस जीत के बाद गुजरात टाइटंस प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। इस मैच में शुभमन गिल ने आईपीएल करियर का पहला शतक जड़ा। उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में 189 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत फिर खराब रही। टीम ने एक बार फिर पावरप्ले में ही आधी टीम यानी पांच विकेट गंवा दिये।

हैदराबाद के लिए हेनरी क्लासेन जुझारूपन दिखाया लेकिन वो नाकाफी रहा। क्लासेन ने 64 रन की पारी खेली। इनके अलावा, भुवनेश्वर कुमार 27 रन, मयंक मार्कंडेय 18 रन और एडन मार्कराम 10 रन बना सके। शेष कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में नहीं पहुंच सका। गुजरात की तरफ से मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा ने चार-चार विकेट लिए, जबकि यश दयाल को एक विकेट मिला। इससे



पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 188 रन का स्कोर खड़ा किया। गुजरात के लिए सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़ा। हालांकि शतक बनाने के बाद वो क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिके। गिल ने 58 गेंद पर 101 रन की पारी खेली। उनको भरपूर साथ साई सुदर्शन का मिला, जिन्होंने 47 रन की उम्दा पारी खेली। इन दोनों के अलावा गुजरात का कोई बल्लेबाज दहाई में नहीं पहुंच सका।

टीम के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाये। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर कुमार ने पांच सफलता प्राप्त की जबकि मार्को यानसन, फजलाह फारूकी और टी. नटराजन को एक-एक विकेट मिला।

## इस देश में टॉप-3 बल्लेबाजों की होती है कड़ी परीक्षा, ख्वाजा ने बताया नाम

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का मानना है कि इंग्लैंड में शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा होती है और इन परिस्थितियों के लिए तैयारी करने का एकमात्र तरीका कड़ी मेहनत करना और बहुत कम उम्मीद रखना है। ख्वाजा को अभी तक इंग्लैंड की परिस्थितियों में रन बनाने के लिए जूझना पड़ा है। उन्होंने इंग्लैंड में जो छह टेस्ट मैच खेले हैं उनमें केवल 19.66 की औसत से रन बनाए हैं। ख्वाजा हालांकि इस समय अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने पिछले साल जनवरी में टेस्ट टीम में वापसी करने के बाद 16 टेस्ट मैचों में 69.91 की औसत से 1608 रन बनाए हैं। इस 36 वर्षीय बल्लेबाज को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल और उसके बाद इंग्लैंड



के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ऑस्ट्रेलिया सात जून से लंदन के ओवल में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला 16 जून से बर्मिंघम में शुरू होगी। ख्वाजा ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा,'' मेरे विचार में इंग्लैंड में टॉप तीन बल्लेबाजों के लिए विश्व में सबसे मुश्किल स्थान है।' उन्होंने कहा,'' इंग्लैंड की परिस्थितियों में नई गेंद का सामना करना मुश्किल होता है। कभी वहां मौसम आपके अनुकूल होता है लेकिन इससे थोड़ा भाग्य भी जुड़ा होता है क्योंकि कई बार विरोधी टीम के आउट होने के बाद बादल छा जाते हैं तो कभी धूप खिली रहती है।' ख्वाजा ने कहा कि मौसम की बदलती परिस्थितियों में इंग्लैंड में बल्लेबाजी करना जुआ खेलना जैसा है। उन्होंने कहा,'' मैंने अभी तक यही सीखा है कि कड़ी मेहनत करो और अगर आप इंग्लैंड के दौरे पर जा रहे हो तो खुद से बहुत कम उम्मीदें रखो। एक बार में एक मैच पर ही ध्यान केंद्रित करो क्योंकि एक बल्लेबाज के रूप में आप असफल भी हो सकते हैं। लेकिन जब आप अच्छा स्कोर बनाते हैं तो आपको उसका जितना अधिक हो उतना फायदा उठाना चाहिए।' स्ट्रोक प्ले मिला है, खासकर ऑफ साइड पर और लेग साइड में ताकत विकसित हुई है जिसने उसे गतिशील बना दिया है।'

## खुशखबरी : गतका समेत 4 स्वदेशी खेल राष्ट्रीय खेलों में शामिल



**चंडीगढ़ ।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने पंजाब की पारंपरिक मार्शल आर्ट गतका को इस साल अक्टूबर में गोवा में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया है। प्रदर्शनी खेलों में जीते गए पदकों को पदक तालिका में शामिल नहीं किया जाता है लेकिन गटका के इस साल राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा बनने का मतलब है अगले खेलों में उसे प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल किया जा सकता है। भारतीय राष्ट्रीय गतका संघ के अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि हम इस खेल को आईओए से मान्यता मिलने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। इससे पहले खेल मंत्रालय ने हरियाणा में 2021 में खेले गए खेलो इंडिया युवा खेलों में गतका और कलारीपयट्टू सहित चार स्वदेशी खेलों को शामिल करने को मंजूरी दी थी। गटका मार्शल आर्ट की एक शैली है जिसमें 3 से लेकर 3.5 फुट लंबी लकड़ी की छडियों तथा विरोधी खिलाड़ी से बचने के लिए चमड़े से बनी ढाल का उपयोग किया जाता है।

## हम सही मायने में प्लेऑफ स्थान के हकदार हैं : हार्दिक पांड्या

**ब्रिसबेन।** गुजरात टाइटंस 2022 सीजन की तरह इस बार भी प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई। गुजरात ने अहमदाबाद के मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद को 34 रन से हराकर यह उपलब्धि अपने नाम की। टीम की जीत से कप्तान हार्दिक पांड्या काफी खुश दिखे। उन्होंने मैच के बाद कहा कि टू इन टू - लगातार दूसरी बार प्लेऑफ में जगह बनाना अच्छा है। लड़कों पर गर्व है। लड़कों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी प्रदर्शन किया है। हम सही मायने में प्लेऑफ स्थान के हकदार हैं। हार्दिक ने कहा कि हमने कई अच्छी चीजें कीं, हमने कई गलतियां कीं लेकिन हम हमेशा खेल में बने रहे और लगातार बने रहने की कोशिश की।

गेंदबाज मेरे दिल के बहुत करीब हैं। मैं हमेशा एक गेंदबाज का कप्तान रहूंगा और यह सुनिश्चित करूंगा कि उन्हें वह श्रेय मिले जिसके वे हकदार हैं। बता दें कि मैच के दौरान गुजरात के गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा का प्रदर्शन शानदार रहा था। दोनों ने 4-4



विकेट लिए थे।

**लवैंडर कलर की जर्सी में दिखी गुजरात की टीम**

कैंसर पीड़ितों प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए गुजरात टाइटंस की टीम हैदराबाद के खिलाफ मैच में लवैंडर कलर की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरी। गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस के वक्त हैदराबाद के कप्तान ऐडन मार्करम के भी बैंज लगाया। पूरी टीम ने ग्रुप फोटो भी करवाया।

**प्वाइंट टेबल में टॉप पर गुजरात**

गुजरात अब 13 में से नौ मुकाबले जीतकर प्वाइंट टेबल में टॉप पर आ गई है। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस का नाम है। चेन्नई 13 मुकाबलों में से सात तो मुंबई 12 मुकाबलों में से 7 जीत चुकी है। अगर मुंबई ने आगामी दोनों मुकाबले जीत लिए तो वह प्वाइंट टेबल में चेन्नई को पछाड़कर दूसरे नंबर पर आ सकती है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स के बाद अब सनराइजर्स हैदराबाद भी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

## सूर्यकुमार को परमानेंट इस नंबर पर उतारे मुंबई, वो दमदार बैटिंग कर लेता हैः सहवाग

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने गति और स्पिन के खिलाफ अपनी प्रतिभा के कारण स्टार मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को मुंबई इंडियंस के लिए नंबर तीन पर परमानेंट बल्लेबाज बनाए जाने का समर्थन किया है। आईपीएल 2023 के एक महत्वपूर्ण मैच में, पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स मंगलवार शाम लखनऊ में एक-दूसरे से भिड़ेंगे, जहां मुंबई का लक्ष्य जीत हासिल कर प्लेऑफ के करीब पहुंचना होगा।

मुंबई की शुरूआत इस सीजन में खराब रही। सूर्यकुमार भी खास नहीं कर पाए थे, लेकिन आधा सीजन बीतते ही मुंबई ने लय हासिल कर ली। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार में



जीत हासिल की है और आज रात लखनऊ में दो महत्वपूर्ण अंक हासिल करने का लक्ष्य रखेगी।

स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर सहवाग ने कहा,'स्काई मुंबई इंडियंस के लिए परमानेंट नंबर 3 पर हो सकता है क्योंकि वह स्पीड और स्पिन का सामना करने के लिए एक अच्छा खिलाड़ी है।' इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि मुंबई इंडियंस लीग चरण के अंत में शीर्ष दो में बहुत अच्छी तरह से रह सकती है और अपनी छठी आईपीएल ट्रॉफी उठाने के लिए खुद को तैयार कर सकती है। हरभजन ने कहा, 'मुंबई इंडियंस ने एक बार फिर साबित कर दिया है, यह एक चैंपियन पक्ष है और यह जानता है कि कैसे मजबूती से वापस आना है। सीजन के पहले चरण में खराब प्रदर्शन करने के बाद लोग उम्मीद नहीं कर रहे थे कि मुंबई वापसी करेंगे, लेकिन एक बार जब यह जीत के ट्रैक पर वापस आ गए तो उनको फिर कोई रोक नहीं पाया। हरभजन ने कहा, - अगर मुंबई बाकी बचे दो गेम जीतती है, तो उसके 18 अंक हो जाएंगे।

जीटी के पहले से ही 18 अंक हैं और एमआई को छोड़कर कोई अन्य टीम अब 18 अंक हासिल नहीं कर पाएगी।'

## सनराइजर्स के कोच लारा ने कहा, एक इकाई के रूप में हम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए

**अहमदाबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का कारण एक इकाई के तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना बताया तथा कहा कि राहुल त्रिपाठी और अभिषेक शर्मा की खराब फॉर्म ने स्थिति और बिगाड़ दी। सनराइजर्स के इस सत्र में भी अंतिम स्थान पर रहने की संभावना है। उसके अभी चार जीत से आठ अंक हैं और वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है। गुजरात टाइटंस सोमवार को शुभमन गिल के शतक की मदद से सनराइजर्स को 34 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी।

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लारा ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,'' मुझे लगता है कि एक इकाई के रूप में हम वैसा प्रदर्शन नहीं कर सके जैसी कि हमें उम्मीद थी। अगर आप कागजों पर देखो तो हमारी बल्लेबाजी मजबूत है लेकिन हम अधिकतर अवसरों पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे कि हम टूर्नामेंट के इस चरण में शीर्ष चार में शामिल रहते।''

उन्होंने कहा,'' पिछले साल 400 से अधिक रन बनाने वाले राहुल त्रिपाठी या अभिषेक शर्मा इस साल संघर्ष करते नजर



आए। मेरा मानना है कि हमारी टीम एक इकाई के तौर पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई।''लारा ने तेज गेंदबाज उमरान मलिक को पिछले कुछ मैचों में अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने के फैसले का भी बचाव किया। मलिक वर्तमान सत्र में 12 में से सात मैचों में खेले जिसने उन्होंने केवल पांच विकेट लिए। उन्होंने पिछले सत्र में 22 विकेट हासिल किए थे। उन्होंने कहा,'' मुझे लगता है कि आपको खिलाड़ी की फॉर्म पर गौर करना होता है। हमें उमरान से काफी उम्मीदें थी। उसके साथ काम करने के लिए (सनराइजर्स के गेंदबाजी कोच) डेल स्टेन थे। लेकिन हम हर मैच जीतने के लिए खेलते हैं और इसके लिए हमें अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश मैदान पर उतारनी होती है। फॉर्म ऐसी चीज है जिस पर हम टीम का चयन करते समय ध्यान देते हैं। हमारे पास 25 खिलाड़ी हैं जिनमें से हमें टीम का चयन करना होता है।''लारा ने उमरान की तुलना कार्तिक त्यागी से की जिन्हें इस सत्र में अभी तक केवल एक मैच खेलने का मौका मिला है। उन्होंने कहा,''मैं चाहता हूं कि आप (मीडिया) मुझसे त्यागी के बारे में सवाल पूछें क्योंकि वह भी विशिष्ट प्रतिभा है लेकिन उसे केवल एक मौका मिला है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हमने टीम के चयन में कुछ गलती की है।''

## पावरप्ले में चार विकेट खोकर मौका गंवा दियाः मार्कराम

**अहमदाबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्कराम ने इंडियन प्रीमियर लीग में यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 34 रन की शिकस्त के साथ प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद कहा कि ब्रेक के समय उन्हें लगा था कि उनके पास मौका है लेकिन पावरप्ले में चार विकेट खोकर उन्होंने इसे गंवा दिया।

टाइटंस ने गिल की 58 गेंद में 13 चौकों और एक छक्के से 101 रन की पारी के अलावा साई सुदर्शन (47) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 147 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 188 रन बनाए। इन दोनों के अलावा हालांकि टाइटंस का कोई बल्लेबाज दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाया।

इसके जवाब में सनराइजर्स की टीम मोहम्मद शमी (21 रन पर चार विकेट) और मोहित शर्मा (28 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने हेनरिक क्लासेन (64) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। क्लासेन ने भुवनेश्वर कुमार (27) के साथ आठवें विकेट के लिए 68 रन भी जोड़े।

सनराइजर्स की टीम पावरप्ले में चार विकेट पर 45 रन ही बना सकी।


मार्कराम ने मैच के बाद कहा, ''ब्रेक के समय विश्वास था कि हमारे पास अब भी मौका है लेकिन पावरप्ले में चार विकेट खोकर हमने इसे गंवा दिया।''

गेंदबाजी में भी पावरप्ले में सनराइजर्स की शुरुआत खराब रही जिस पर कप्तान ने कहा, ''हमारे पास शीर्ष स्तर के गेंदबाज हैं और हमें लगा कि गेंद कुछ देर के लिए स्विंग करेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गिल ने अच्छा किया।'मार्कराम ने अपने गेंदबाजों की सराहना करते हुए कहा, ''हमें वापसी दिलाने का श्रेय भुवी (भुवनेश्वर कुमार) को जाता है। क्लासेन शानदार खिलाड़ी हैं जिनके पास स्तर, ताकत और अच्छा क्रिकेट दिमाग है। दुर्भाग्य से बाकी टीम ने उनका साथ नहीं दिया।'' भुवनेश्वर कुमार (30 रन पर पांच विकेट) और टी नटराजन (34 रन पर एक विकेट) ने अंतिम ओवरों में सनराइजर्स को वापसी दिलाई जिससे टाइटंस की टीम अंतिम आठ ओवर में 57 रन ही जोड़ सकी।

# सारा और विक्की कौशल की फिल्म जरा हटके जरा बचके की रिलीज डेट जारी



सारा अली खान ने अपने करियर में अक्षय कुमार से लेकर रणवीर सिंह और कार्तिक आर्यन जैसे कई अभिनेताओं के साथ काम किया है, लेकिन उन्हें कभी विक्की कौशल के साथ नहीं देखा गया। अब जल्द ही वह फिल्म जरा हटके जरा बचके में विक्की संग इश्क फरमाती दिखेंगी। कुछ ही समय पहले फिल्म के नाम का ऐलान हुआ था, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई थी। अब फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। सारा और विक्की ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर प्रशंसकों के साथ साझा किया है। इसमें विक्की के साथ उनका रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है। सारा ने टीजर साझा कर लिखा, रोमांस या नौटंकी! क्या लगता है आपको? कैसी होने वाली है हमारी कहानी? जरा हटके जरा बचके का ट्रेलर 15 मई को रिलीज हो रहा है। इसी के साथ सारा ने बताया कि उनकी यह फिल्म 2 जून, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में सारा-विक्की की झलकियां देख प्रशंसक इसके ट्रेलर और रिलीज को लेकर उतावले हो गए हैं। एक ने लिखा, अब रिलीज को लेकर बेसब्री बढ़ गई है। एक ने लिखा, टीजर देख ऐसा लग रहा है कि इस फिल्म के गाने बहुत खूबसूरत होने वाले हैं। एक दूसरे फैन ने लिखा, अब और इंतजार नहीं होगा। एक ने लिखा, आपको बता नहीं सकते कि फिल्म के लिए हम कितने उत्साहित हैं। लोग टीजर पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और निर्माता दिनेश विजान हैं। यह रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है और इसमें एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई जाएगी, जो अपने तरीके से एक घर लेने की फिराक में है। इसके लिए वह केंद्र सरकार की एक योजना का लाभ उठाना चाहता है। फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर सारा ने लिखा था, विश्वास नहीं होता कि यह सफर खत्म हो गया है। थैंक्यू लक्ष्मण उतेकर सर, मुझे सौम्या का किरदार देने के लिए। विक्की ने एक लक्ष्मण उतेकर के साथ एक अन्य फिल्म के लिए भी हाथ मिलाया है। वह तृप्ति डिमरी के साथ एक रोमांटिक फिल्म में भी काम कर रहे हैं, वहीं फिल्म सैम बहादुर और द ग्रेट इंडियन फैमिली भी विक्की के खाते से जुड़ी हैं। दूसरी तरफ सारा फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में एक स्वतंत्रता सेनानी का किरदार निभाएंगी। वह मर्डर मुबारक और फिल्म मेट्रो इन दिनों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी।




# मैं हमेशा से एक फिल्म अभिनेत्री बनना चाहती थी : कावेरी प्रियम



छोटे पर्दे की मशहूर एक्ट्रेस कावेरी प्रियम ने बताया कि कैसे वह शुरूआती दिनों में एक फिल्म एक्ट्रेस बनना चाहती थीं लेकिन उन्हें टीवी पर अच्छे अवसर मिलते रहे। कावेरी ने कहा, जब मैंने शुरूआत की तो मैं हमेशा एक फिल्म एक्टर बनना चाहती थी। लेकिन, होनी को कुछ और मंजूर था। जब मैं ऑडिशन दे रही थी, तब मेरा मकसद सिर्फ काम करना था, बस काम करो, और तभी टीवी ने मेरा बाहें फैलाकर स्वागत किया। मैं एक टेलीविजन एक्टर नहीं हूं, मैं एक ऐसी एक्टर हूं जो सभी माध्यमों में काम कर सकती हूं।कावेरी को ये रिश्ते हैं प्यार के', जिद्दी दिल माने ना', दिल दियां गल्लां' जैसे शोज के लिए जाना जाता है।उन्होंने उस भूमिका के बारे में साझा किया जो वह पर्दे पर निभाने की इच्छा रखती हैं।एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे कई किरदार हैं, जिन्हें मैं निभाना चाहती हूं। मैं स्क्रीन पर कुछ एक्शन सीन्स करना पसंद करूंगी या एक स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना पसंद करूंगी। मैं एक हीरोइन भी बनना चाहती हूं और पर्दे पर कुछ हटकर किरदार करना चाहती हूं।

# इलियाना डिक्रूज ने ब्लैक ड्रेस में फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



बर्फी की एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर काफी चर्चाओं में है। उन्होंने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह ब्लैक ड्रेस में नजर आ रही है। इलियाना ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं। उनके फैंस और करीबी दोस्तों ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उनकी दोस्त तमन्ना भाटिया, अथिया शेट्टी, शिबानी दांडेकर, नरगिस फाखरी, मारिया गोरेट्टी और अन्य ने कमेंट सेक्शन में लवस्ट्रेक इमोजी सेंट किया।बेबी बंप की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए, शिबानी अख्तर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- लव यू गर्ल सो हैप्पी फॉर यू। एक्ट्रेस अथिया शेट्टी और सोफी चौधरी ने रेड हार्ट इमोजी शेयर किया। पिछले महीने, इलियाना ने अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी।एक्ट्रेस इन दिनों अपने गोवा वाले घर में मां के साथ समय बिता रही हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने बेबी बंप की एक फोटो शेयर की थी और लिखा था- लाइफ लेटली।

# केडी-द डेविल में रानी मचलक्ष्मी का किरदार निभाएंगी रेशमा नानैया



सैंडलवुड की अखिल भारतीय पेशकश केडी- द डेविल में लीड एक्ट्रेस को लेकर लंबे समय से चल रहे सस्पेंस को तोड़ते हुए, निर्माताओं ने आखिरकार फिल्म की प्रमुख लेडी का खुलासा किया। रेशमा नानैया को ध्रुव सरजा के साथ रानी मच्छलक्ष्मी के रूप में देखा जाएगा। रेशमा ने केडी के विंटेज फोल्ड में एंटर किया, जिसमें उनका लुक काफी आकर्षक रहा।इससे पहले एक लव या, राणा और वामाना जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए देखा गया है।अपने किरदार के बारे में बात करते हुए, रेशमा ने कहा- रानी मच्छलक्ष्मी के बारे में सबसे अच्छी बात उनका जीवन से बड़ा व्यक्तित्व है। पोस्टर से पता चलता है कि वह मजबूत दिमाग वाली है, वह तेज-तर्रार है, और उसकी भूमिका निभाना वास्तव में बहुत अच्छा है। ह चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचकारी था। राजकुमार ध्रुव सरजा के साथ फेम साझा करना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं बहुत उत्साहित हूं।1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित एक पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी-द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी. रविचंद्रन भी हैं।केवीएन प्रोडक्शंस प्रेम द्वारा निर्देशित और सुप्रिथ द्वारा निर्मित केडी-द डेविल प्रस्तुत करता है। अखिल भारतीय बहुभाषी फिल्म तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# एनिमल के पोस्टर में कुल्हाड़ी लिए क्यों दिखे थे रणबीर कपूर

## सामने आई नई जानकारी

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल लंबे समय से चर्चा में है। फिल्म की रिलीज करीब आने के साथ दर्शकों की इसको लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। फिल्म को लेकर तरह-तरह की खबरें आ चुकी हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा चुका है कि इस फिल्म में रणबीर का बिल्कुल अलग अंदाज देखने को मिलेगा। अब फिल्म से जुड़े एक दिलचस्प दृश्य की बातें सामने आई हैं। नई खबर के अनुसार, एनिमल में रणबीर का किरदार उनके करियर का सबसे खास किरदार हो सकता है। इसमें उनका नया स्वैग देखने को मिलेगा। फिल्म के एक दृश्य में रणबीर दिल्ली की सड़कों पर कोट और लंबे बालों में चलते हुए नजर आएंगे। उनके साथ कुछ और गुंडे भी हैं। उन सभी का डेथ वारंट आने वाला है। बिना बैकग्राउंड म्यूजिक के भी यह दृश्य रोमांचक लगता है, क्योंकि निर्देशक ने इसे बेहतरीन तरीके से फिल्माया है। इस दृश्य में रणबीर काफी हिंसक होंगे। वह कुल्हाड़ी से लड़ते हुए नजर आएंगे। सूत्रों ने पोर्टल को बताया कि यह एक अलग स्तर का दृश्य है। इसे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने मल्टीपल कैमरा के साथ शूट किया है। साथ ही इसमें ज्यादा कट नहीं हैं। हाथ में कुल्हाड़ी लिए और सिगरेट पीते हुए रणबीर का लुक पहले ही सामने आ चुका है। सूत्रों के अनुसार, फिल्म में रणबीर 3 अलग लुक में नजर आएंगे। फिल्म में रणबीर के अलावा अनिल कपूर और बॉबी देओल भी नजर आएंगे। इसमें अनिल कपूर, रणबीर के किरदार के पिता की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं बॉबी देओल पर्दे पर विलेन बनेंगे। फिल्म में रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। फीमेल लीड के लिए पहले परिणीति चोपड़ा को साइन किया गया था, लेकिन अमर सिंह चमकीला की बोयपिक के लिए उन्होंने इसे छोड़ दिया। इसके बाद फिल्म में रश्मिका की एंट्री हुई। इससे पहले प्रोड्यूसर भूषण बता चुके हैं कि फिल्म एक परिवार के उतार-चढ़ाव की कहानी है। यह फिल्म एक बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है। इस तरह का रिश्ता पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया। फिल्म में दिखाया जाएगा कि यह किरदार अपने पिता के लिए क्या कुछ कर सकता है। एनिमल में पहली बार रणबीर कपूर और अनिल कपूर एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी।



# निक्की तंबोली ने पिंक साड़ी में फ्लॉन्ट किया बिंदास फिगर

ठग सुकेश चंद्रशेखर जो दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है, उसके द्वारा ठगी में एक्ट्रेस निक्की तंबोली का नाम जब जुड़ा तो वो खासी चर्चा में आई थी। अपने हॉट अंदाज के लिए जानी जाने वाली निक्की तंबोली अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म जोगीरा सारा रा रा में नजर आने के कारण फिर चर्चा में हैं। नवाजुद्दीन जैसे मझे हुए कलाकार के साथ उनकी ये फिल्म इसी महीने रिलीज होने वाली है। इससे पहले पिंक कलर की साड़ी में निक्की तंबोली ने फोटो शूट करवाकर तहलका मचा दिया है। भाई जतिन तंबोली की कोरोना से मौत होने के बाद निक्की जबरदस्त डिप्रेशन का शिकार हो गई थी। निक्की तंबोली अपने ऐस ही कातिलाना अंदाज के लिए अपने फैंस के बीच में खूब पसंद की जाती है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद के मराठी परिवार में 21 अगस्त 1996 को जन्मी निक्की तंबोली ने अपने करियर की शुरूआत बतौर मॉडल की। जब भाई की मौत हुई जब निक्की खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग के लिए देश से बाहर गई हुई थीं। 2019 में तेलगु हॉरर कॉमेडी फिल्म चिकती गाडिलो चितकोटुडु से एक्टिंग करियार की शुरूआत करने के बाद निक्की तंबोली ने साउथ की एक्शन हॉरर फिल्म कंचना 3 और थिप्पारा मीसम समेत अन्य फिल्मों में नजर आई हैं । रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 14 जो 2020 में आय था उसमें निक्की तंबोली ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा खतरों के खिलाड़ी में नजर आई थी। कलर्स चैनल के शो सिर्फ तुम के अलावा निंकी कई म्युजिक एलबम में भी नजर आ चुकी हैं। निक्की का नवाजुदीन के साथ जोगीरा सारा रा का आइटम सॉग रिलीज हुआ तो एक्ट्रेस की खूब तारीफ हुई। जोगीरा सारा रारा के रिलीज का निक्की बेशर्बी से इंतजार कर रही हैं। निक्की पहले दिल किसी से', शांति', बाहरी दुनिया', नंबर लिख' जैसे कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं। निक्की तंबोली का ये साड़ी लुक लोगों को बहुत पसंद आया था।

# डायना पेंटी की अमिताभ अभिनीत फिल्म सेक्शन 84 में एंट्री





अभिनेत्री डायना पेंटी को पिछली बार अक्षय कुमार के साथ फिल्म सेल्फी में देखा गया था। हालांकि, उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। भले ही फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया, लेकिन इससे डायना की लोकप्रियता प्रभावित नहीं हुई। यही वजह है कि अब एक और बड़ी फिल्म उनके हाथ लग गई है। डायना जल्द ही अमिताभ बच्चन की फिल्म सेक्शन 84 में नजर आएंगी। आइए जानते हैं उन्होंने इससे जुड़कर क्या कुछ कहा। तरण आदर्श ने किया ऐलानजाने-माने फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने यह जानकारी दे दी है। उन्होंने ट्विटर पर अभिनेत्री की एक तस्वीर साझा कर लिखा, डायना पेंटी, अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म सेक्शन 84 का हिस्सा बन गई हैं। रिभु दासगुप्ता इसका निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही है। डायना के फिल्म से जुडने से प्रशंसक सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी रिभू ने ही लिखी है। सेक्शन 84 एक कोर्टरूम ड्रामा थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अमिताभ की मुख्य भूमिका है। डायना ने इस पर कहा, यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है। मैं इसे लेकर इसलिए भी उत्साहित हूं क्योंकि इसके जरिए मुझे महानायक अमिताभ का साथ मिल रहा है। ईमानदारी से कहूं तो मेरा सपना अब सच हुआ है। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि शहंशाह के साथ काम करने का अनुभव यादगार होने वाला है और मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलने वाला है। अमिताभ इससे पहले पिंक और बदला जैसी शानदार कोर्टरूम ड्रामा फिल्मों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं। दोनों ही फिल्मों में अभिनेत्री तापसी पन्नू उनके साथ नजर आई थीं और इन दोनों ही फिल्मों में अमिताभ के अभिनय को खूब सराहा गया था। अमिताभ ने बीते 1 मार्च को फिल्म का टीजर जारी कर इसका ऐलान किया था। इसके जरिए अमिताभ को रिभू के साथ फिर काम करने का मौका मिला है। दोनों इससे पहले युद्ध और टीई3एन जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म सेक्शन 84 के बारे में अमिताभ ने कहा कि वह रिभू के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं और इस फिल्म को लेकर इसलिए भी उत्सुक हैं क्योंकि यह बतौर अभिनेता उन्हें चुनौती देती है। डायना ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। बॉलीवुड से पहले उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में अपना नाम कमाया। वह कई जानी-मानी विज्ञापन कंपनियों की ब्रांड एंबेसडर भी रह चुकी हैं। फिल्मी दुनिया में उन्होंने अपनी शुरुआत कॉकटेल से की थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट थी। इस फिल्म में डायना के साथ दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान नजर आए थे। 2012 में रिलीज हुई यह रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म होमी अदजानिया के निर्देशन में बनी थी।

## एक नजर...

### ऑटोमोबाइल के शोरूमों पर हथियार लेकर प्रवेश करने पर पाबंदी: पुलिस अधीक्षक



ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल से ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के डीलर्स ने मुलाकात कर यह अनुरोध किया कि ऑटोमोबाइल के शोरूम में हथियार लेकर प्रवेश करने पर पाबंदी हो। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने ऑटोमोबाइल डीलर्स की बात को गंभीरता पूर्वक सुना और बताया कि इसके लिये डीलर एसोसिएशन के लिखित प्रस्ताव पर वह अपनी अनुसंसा के साथ जिला मजिस्ट्रेट ग्वालियर अक्षय कुमार सिंह से विधिवत आदेश कराकर शोरूमों में हथियारों के ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जायेगा। ऑटोमोबाइल व्यवसायी हरिकांत समाधिया, श्याम गुप्ता, अभिजीत अत्रे, भरत नागपाल, के. जे. सिंह, उमेश गुप्ता, समर्थ अग्रवाल, निकुंज शिवहरे सहित अनेक व्यवसायी उपस्थित थे। इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स कैट म.प्र. अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, जिला अध्यक्ष दीपक पमनानी, महामंत्री मनोज चौरसिया, आकाश जैन ने की। ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के सदस्यों ने यह भी अनुरोध किया कि 8 किमी लंबी स?क पर ऑटोमोबाइल के शोरूम एवं अनेक स्कूल संचालित है। अतः एक पुलिस चौकी एवं स्त्रत्र्क्कवाहन 24 घंटे रहना आवश्यक है ताकि किसी भी घटना के समय सूचना प्राप्त होने पर तुरंत सहायता के लिये पुलिस उपलब्ध हो। ग्वालियर की यातायात व्यवस्था से लेकर अनेक बिंदुओं पर चिचार-विमर्श हुआ और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने ऑटोमोबाइल डीलर्स को आश्वस्त किया कि वह भयमुक्त वातावरण में व्यापार करें, उनकी पूर्ण सुरक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि आप अपने यहां सीसीटीवी कैमरे वॉइस रिकॉर्डिंग के साथ लगवाये। स्टाफ के प्रवेश पर विधिवत निगरानी हो। कुछ सुरक्षा संबंधी चीजों का विशेष ध्यान सभी ऑटोमोबाइल डीलर्स करें। पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था एवं सामाजिक कार्यों में शहर के व्यापार जगत का सदैव सहयोग मिलता है। पुलिस एवं व्यवसायी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे तो उसके परिणाम अपेक्षाकृत अच्छे आयेंगे।

### आईटीएम यूनिवर्सिटी में विशेष शिविर लगाकर बनाए 82 विद्यार्थियों के लर्निंग लायसेंस



ग्वालियर। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान द्वितीय चरण के तहत परिवहन विभाग द्वारा युवाओं व विद्यार्थियों के लर्निंग लायसेंस प्रमुखता के साथ बनाए जा रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को आईटीएम यूनिवर्सिटी में परिवहन विभाग द्वारा विशेष शिविर आयोजित कर 82 विद्यार्थियों के लर्निंग लायसेंस बनाकर उन्हें सौंपे गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, आईटीएम यूनिवर्सिटी के कुलपति एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एच के सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने आईटीएम यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को लर्निंग लायसेंस सौंपे। अपने संस्थान में ही लर्निंग लायसेंस पाकर विद्यार्थी गदगद हो गए।

### कारोबारी से जमीन पर कब्जा करने की धमकी देकर टेरर टैक्स मांगने वाला गिरफ्तार



ग्वालियर। कारोबारी से जमीन पर कब्जा करने की धमकी देकर दस लाख रुपए टेरर टैक्स मांगने वाले बदमाश को झांसी रोड थाना पुलिस ने दबोचा है। पकड़े गए बदमाश पर दो हजार रुपए का इनाम था। पुलिस पकड़े गए बदमाश से पूछताछ में जुट गई है। अभी इस बदमाश के अन्य साथी फरार है। जिनकी तलाश तलाश में दबिश दे रही है। झांसी रोड थाना प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव ने बताया कि कारोबारी सुरेश अरोरा की कुछ जमीन केदारपुर में है। कुछ दिन पहले जब वह जमीन पर काम करा रहे थे तो भारत गुर्जर अपने साथियों के साथ पहुंचा और जमीन पर काम करने से रोकते हुए दस लाख रुपए का टेरर टैक्स मांगा था। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की तो वह फरार हो गया था। इसके कुछ दिन बाद जब कारोबारी का बेटा जमीन पर पहुंचा तो उसे भी धमकी दी गई थी। इसके बाद से ही पुलिस आरोपी भारत व उसके साथियों की तलाश में जुटी हुई थी। लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा था। बुधवार को सूचना मिली थी कि वह अपने घर आया हुआ है। इसका पता चलते ही एसआई आरके शाक्य, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह गिल, लाखन सिंह, उत्तम सिंह, आरक्षक रामकेश गुर्जर को आरोपी को दबोचने पहुंचाया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया है। पकड़ा गए आरोपी ने छह मार्च को धमकी दी थी, उसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही थी, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा था। आज जैसे ही उसके आने की सूचना मिली, पुलिस ने उसे दबोच लिया। झांसी रोड थाना सर्किल के सीएसपी रत्नेश सिंह तोमर ने बताया कि टेरर टैक्स मांगने वाले दो हजार रुपए के इनामी बदमाश को झांसी रोड थाना पुलिस ने दबोचा है। पकड़े गए बदमाश से पूछताछ की जा रही है।

# स्वच्छता को आदत बनायें: कलेक्टर

## नगर निगम कमिश्नर की पहल पर मीडिया कार्यशाला हुई

ग्वालियर। स्वच्छता को हमें अपनी आदत में बदलना होगा, स्वच्छता में ही ईश्वर का वास हैं। हम, हमारा घर, हमारा शहर, हमारा प्रदेश और हमारा राष्ट्र स्वच्छ होगा। तभी हम सभी स्वस्थ और खुशहाल रह सकेंगे। अब हमें अपने ग्वालियर शहर को स्वच्छता रैंकिंग में टाप पर लाने के लिये मिल जुलकर प्रयास करने होंगे। उक्त उदगार आज जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने स्वच्छता के उपर मीडिया कार्यशाला में व्यक्त किये। मीडिया कार्यशाला का आयोजन नगर निगम ग्वालियर की ओर से किया गया था। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर निगम कमिश्नर हर्ष सिंह ने की।

जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में ग्वालियर को प्रमुख स्थान पर लाने के लिये आप सभी के सुझाव भी आवश्यक है। हम सबको मिलकर स्वच्छता के लिये कदम ब?ाने होंगे। हमे यह संकल्प लेना होगा कि पहला सफाई अभियान हम अपने घर, गली, मौहल्ले से ही शुरू करें, हमारा प्रयास यह होना चाहिये कि हम सुधरेंगे जग सुधरेगा। वहीं निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने मीडिया कार्यशाला में निगम के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयास में यदि




आप सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित हो जाये तो वह दिन दूर नहीं जब हम स्वच्छता में टाप पर न हो। हर्ष सिंह ने कहा कि हम शहर में साफ सफाई व हरियाली बड़ाने के लिये भी प्रयास कर रहे हैं। वहीं पत्रिका के संपादक नितिन त्रिपाठी ने भी स्वच्छता के लिये सामूहिक प्रयासों की बात की। जबकि नईदुनिया के संपादक वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि स्वच्छता अभियान में लगे सफाई कर्मियों को भी हमे पूरा सम्मान देकर काम करना होगा, क्योंकि सफाई के वहीं मुख्य धुरी हैं। वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल, देवश्री माली ने भी स्वच्छता अभियान की सफलता के लिये विभिन्न सुझाव रखे। सत्ता सुधार के संपादक विनय अग्रवाल ने भी सामूहिक भागीदारी सहित सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं से भी सहयोग लेने का सुझाव रखा। मीडिया कार्यशाला में पत्रकार कविता मांढरे, शाहनवाज खान, राजेश अवस्थी लावा, गजेन्द्र इंगले, ममता बघेल, गीता पांडे, विजय पांडे, संजय भक्त भारद्वाज, संजय शर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यशाला का संचालन प्रदीप श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी मधु शोलापुरकर, हितेन्द्र भदौरिया, एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा, संजय त्रिपाठी आदि भी उपस्थित थे।

# व्यापारी संघर्ष के लिये तैयार रहेः भूपेन्द्र जैन

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कहा है कि व्यापारी एवं उद्योगपतियों को राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा लगातार नियमों के दायरे में बांधने से उद्योग चलाना और व्यापार करना मुश्किल हो रहा है। एक तरफ सरकार बोटों की खातिर खुले हाथ से धन लुटा रही है वहीं व्यापारी एवं उद्योगपतियों पर नित नये कर लगाकर आर्थिक बोझ डाल रही है। मध्यप्रदेश का व्यापार ऑनलाइन से पिछड रहा है। बाजार की स्थिति को देखते हुये सभी व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठन एक प्लेटफार्म पर आयें और सामूहिक रूप से संघर्ष की तैयारी करें तभी शासन और प्रशासन हमारी बात को सुनेगा।




कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर टीम कोर कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुये कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कहा कि शीघ्र ही हम सभी व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों को एक करके शासन से चर्चा करेंगे। तत्पश्चात व्यापारी और उद्योगपति संघर्ष के लिये तैयार रहें। हमें किसी भी स्तर पर जाकर उद्योग और व्यापार बचाने के लिये कार्य करना होगा। कैट टीम ग्वलियर जिला अध्यक्ष दीपक पमनानी की अध्यक्षता में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के कार्यालय राजीव प्लाजा पर आयोजित बैठक में गार्वेज शुल्क का युक्तियुक्तकरण नगर निगम परिषद में ना लाना, ट्रेड लायसेंस के नये अधिनियम को वापिस लेना, आउट डोर विज्ञापन अधिनियम को वापिस लेना, जलकर की राशि को एमआईसी द्वारा पास किया गया है उस राशि को नगर निगम परिषद के माध्यम से स्वीकृत कराना, अनेक ऐसे मुददे हैं जिन पर ग्वालियर के सभी व्यापारिक एवं औघोगिक संगठनों को एक होना होगा। कैट महामंत्री मनोज चौरसिया ने बैठक का संचालन करते हुये बताया कि हम सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हैं लेकिन सरकार व्यापारियों को तबज्जो नही दे रही है, यह दुखद है। कैट जिला अध्यक्ष दीपक पमनानी, कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, दिलीप पंजबानी, गोपाल जायसवाल, उपाध्यक्ष जे.सी.गोयल, पुरूषोत्तम जैन, प्रदेश संयुक्त सचिव रीनागांधी आदि ने भी बैठक में अपने विचार रखे। इस अवसर पर कैट महिला विंग कोर्डिनेटर श्रीमती सीमासिंह चौहान जबलपुर विशेष रूप से उपस्थित थी साथ ही कैट कार्यकारिणी सदस्य विवेक जैन, अमित अरोरा, प्रतीक अग्रवाल, विपुल गुप्ता, हरिओम चौरसिया, नितिन गोयल, वी.बी.त्यागी, उदित चतुर्वेदी, राजेन्द्र मल्होत्रा, सचिन राजपूत, संजय नीखरा, आशीष कालानी, अजय चौपडा, प्रशांत सिंघल, ताराचंद गर्ग, तालिब खान, कैट महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती साधना शाडिल्य, दिनेश बंसल, आकाश जैन, अंशुल गुप्ता, नितिन गोयल, ललित नागपाल, सौरभ जैन, गिरीश शर्मा, प्रियादास आदि उपस्थित थे।

## युवा कलाकारों के लिए फायदेमंद साबित होगी संगीत ज्ञान दर्पण पुस्तक



**ग्वालियर।** राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में बुधवार को उस्ताद अजीजुर्रहमान खां अजीज दिलकश द्वारा लिखित पुस्तक संगीत ज्ञान दर्पण सुबोध संगीत शिक्षण एवं बंदिशें पुस्तक का विमोचन हुआ। विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो साहित्य कुमार नाहर कुलसचिव राकेश सिंह कुशवाह कार्यपरिषद सदस्य अतुल अधौलिया, चन्द्रप्रताप सिंह सिकरवार लेखक के गुरूजी, पंडित रघुवीर प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री हरीष मेवाफरोश अधिवक्ता पंडित रामकुमार द्विवेदी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि खासकर संगीत के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर लिखी गई इस पुस्तक में संगीत शिक्षा के ठोस तरीकों पर प्रकाश डाला गया है; इस पुस्तक में उस्ताद अजीजुर्रहमान खां द्वारा स्वर साधना के नियम ,सरगम पल्टें, बंदिशें, गायन शिक्षा, रियाज और मध्य लय में निबद्ध अनेक रागों में स्वरचित रचनाएं पुस्तुत की है। इसके अलावा सुप्रसिद्ध गायकों और संगीतज्ञों से प्राप्त रचनाएं भी इस प्रस्तुत की है; इस पुस्तक में संपादक सुखदेव नडालों हैं। पुस्तक के विमोचन पर कुलपति प्रो साहित्य कुमार नाहर, कुलसचिव डॉ राकेश सिंह कुशवाह सहित विश्वविद्यालय परिवार ने उस्ताद अजीजुर्रहमान खां को बधाई प्रेषित की है।

# डेली मॉनीटरिंग कर कराएँ सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण: संभाग आयुक्त

**ग्वालियर।** सीएम हेल्पलाइन में गत 15 अप्रैल तक दर्ज शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान-द्वितीय चरण के तहत किया जाना हैं। सभी विभागों के संभागीय अधिकारी इसकी डेली मॉनीटरिंग करें और संभाग के सभी जिले के विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर इसकी प्रगति रिपोर्ट लें। इस आशय की निर्देश संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने अंतर विभागीय समन्वय बैठक में सभी विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के लिए निर्धारित 67 प्रकार की सेवाओं से संबंधित सभी आवेदनों के निराकरण पर भी विशेष बल दिया। बुधवार को यह संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई अंतर विभागीय समन्वय बैठक में संभाग आयुक्त सिंह ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सभी जिलों में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत सीम हेल्पलाइन एवं 67 प्रकार की सेवाओं से संबंधित आवेदनों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना व स्वच्छता सर्वे सहित राज्य शासन की प्राथमिकता वाले अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा भी बैठक में की गई। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने सहकारिता, सीसीबी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के तहत हर सहकारी समिति में सभी पात्र किसानों के आवेदन अभियान बतौर भराए जाएँ। इसमें किसी प्रकार ढिलाई न हो। उन्होंने कहा योजना की पात्रता की शर्तो के बारे में कृषकों को विस्तार से जानकारी दी जाए, जिससे किसी प्रकार की भ्रम की स्थित न रहे। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग के नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वे को लेकर की जा रहीं तैयारियों और स्वच्छता गतिविधियों का फीडबैक लेने के लिए संभाग स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न निकायों की जबाबदेही सौंपी है। उन्होंने अंतर विभागीय समन्वय बैठक में इन अधिकारियों से चर्चा कर दोनों संभागों के हर नगरीय निकाय में स्वच्छता की वस्तुस्थिति जानी। साथ ही निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों के अनुसार स्वच्छता गतिविधियों को अंजाम दिलाएँ, जिससे संभाग के नगरीय निकायों की स्वच्छता सर्वे में अच्छी रैकिंग आ सकें। बैठक में उपआयुक्त राजस्व उमेश प्रकाश शुक्ला, अपर आयुक्त नगर निगम मुकुल गुप्ता, संयुक्त आयुक्त विकास ग्वालियर संभाग सी एल डोडियार व चंबल राजेन्द्र सिंह, जीडीए के सीईओ प्रदीप कुमार शर्मा, उप आयुक्त विकास शिव प्रसाद एवं नोडल अधिकारी विशाल सिंह तोमर सहित विभिन्न विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# सुकून के पल गुजारने के लिए शहर के भीतर विकसित होगा सिटी फोरेस्ट

ग्वालियर। वर्तमान समय की भागम-भाग भरी जिंदगी में सुकून के पल गुजारने के लिये ग्वालियर शहर के भीतर सिटी फोरेस्ट विकसित होने जा रहा है। सचिन तेंदुलकर मार्ग से सटी सिरोल पहाड़ी व कारगिल उपवन में स्थापित किए जा रहे सिटी फोरेस्ट को जहाँ हिल स्टेशन की तर्ज पर आकर्षक फूलदार पौधों से सजाया-सँवारा जायेगा, वहीं इसके भीतर चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य व चीता प्रोजेक्ट कूनो के मॉडल, हैरीटेज ग्वालियर की धराहरों के मॉडल, एडवेंचर स्पोर्ट्स, वॉकिंग ट्रैक, चिल्ड्रन पार्क, कैक्टस गार्डन इत्यादि विकसित करने का प्लान तैयार किया गया है। इसी कड़ी में बुधवार की शाम कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल की मौजूदगी में आयोजित हुए ÷एन ईव~ इन्वायरमेंट एण्ड सस्टेनबिलिटी के माध्यम से शहरवासियों को इस पुनीत पहल से जुड़ने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी सुप्रदीप्तानंद जी, वन मण्डलाधिकारी सुश्री प्रियांशी सिंह, अथ युवा फाउण्डेशन के संचालक डॉ. देवेन्द्र दांगी, संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण दीपक पाण्डे व उप वन मण्डलाधिकारी कौशल तथा पर्यावरण प्रेमी श्रीमती देवियानी मंचासीन थीं। शहर के भीतर सिटी फोरेस्ट के रूप में हो रही इस रचनात्मक पहल को जिला प्रशासन, वन विभाग, नगर निगम, पुलिस, रामकृष्ण मिशन व अथ युवा फाउण्डेशन द्वारा सभी की भागीदारी से इस रचनात्मक पहल को धरातल पर उतारा जायेगा। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय असंतुलन की वजह से हम सबको जलवायु परिवर्तन की वजह से तमाम प्राकृतिक आपदाओं से जूझना पड़ रहा है। तापमान में लगातार बड़ोत्तरी हो रही है। ऐसे में



बड़े पैमाने पर वनीकरण की महती आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से ग्वालियर शहर के नजदीक सभी की भागीदारी से सिटी फोरेस्ट विकसित करने का निर्णय लिया गया है। सभी शहरवासी इसमें भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व पर्यावरण एक दूसरे से जुड़े हैं। ग्वालियर शहर से स्वच्छता कार्यक्रम के माध्यम से निकलने वाले अनुपयोगी कबाड़ से सुंदर-सुंदर कलाकृतियों का निर्माण इस पार्क में कराया जायेगा। साथ ही अन्य गतिविधियाँ भी होंगीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि ग्वालियर शहर के भीतर सिटी फोरेस्ट विकसित करने का निर्णय पारिस्थितिकीय संतुलन बनाने की दिशा में सराहनीय पहल है। उन्होंने आशा जताई कि यह पहल निश्चित ही सभी के सहयोग से फलीभूत होगी। सिटी फोरेस्ट जैसे स्थल तनाव को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वन मण्डलाधिकारी सुश्री प्रियांशी सिंह ने कहा कि अच्छे जीवन के लिये अच्छा पर्यावरण जरूरी है। इसी भाव के साथ वन विभाग सिटी फोरेस्ट के निर्माण में भरपूर सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि सिटी फोरेस्ट स्थल पर 18 से शुरू होने जा रहे मिशन लाईफ की गतिविधियाँ भी शामिल की जाएँगी। रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी सुप्रदीप्तानंद जी ने कहा कि केवल भौतिक सुख-सुविधाओं से जीवन सुखमय नहीं हो सकता। जीवन में आनंद के लिये सिटी फोरेस्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ जरूरी हैं। पेड़ों के बीच शांति मिलती है और शांति में ही अच्छे निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि ग्वालियर शहर में हुई वनीकरण की यह पहल पूरे मध्यप्रदेश के लिये रोल मॉडल बनेगी।

**लगभग 250 प्रकार की प्रजातियों के पक्षियों का बसेरा है सिटी फोरेस्ट में**-वाईल्ड लाईफ अध्ययन से जुड़ीं श्रीमती देवियानी ने कार्यक्रम में जानकारी दी कि सिटी फोरेस्ट परिसर में वर्तमान में लगभग 250 प्रजातियों के पक्षी बसेरा बनाए हुए हैं। इनमें यूरोपियन कंट्रीज के दुर्लभ पक्षी शामिल हैं। इसी तरह विभिन्न प्रजाति के साँप भी सिटी फोरेस्ट परिसर में देखे जा सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478